संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

# दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -109 सोमवार, 19 फरवरी 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये


## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस ने धरती से अंतरिक्ष तक घोटाला किया:अमित शाह

**नई दिल्ली,18 फरवरी 2024 (ए)।** दिल्ली के भारत मंडपम में भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन के दूसरे दिन रविवार को गृह मंत्री अमित शाह ने संबोधित किया। अपने 56 मिनट के भाषण में उन्होंने मोदी सरकार की 10 साल की



उपलब्धि, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा, कांग्रेस, परिवारवाद, भ्रष्टाचार, इंडिया. अलायंस और 2024 लोकसभा चुनाव पर बात की। शाह ने कांग्रेस पर कहा-इन लोगों ने अपनी सरकार रहते जमीन से आसमान और समंदर तक घोटाले किए। कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया. . अलायंस बना है। विपक्षी दलों का ये गठजोड़ सिर्फ 7 पारिवारिक पार्टियों का गठबंधन है। उन्हें सिर्फ अपने परिवार की चिंता है। जिनका लक्ष्य परिवार के लिए सत्ता हथियाना हो, वह क्या गरीब का कल्याण करेगा?

# मोदी सरकार ने किसानों के लिए लिया बड़ा फैसला



» किसानों को बड़ी राहत

» प्याज के निर्यात पर लगा प्रतिबंध हटा दिया गया है

**नई दिल्ली,18 फरवरी 2024 (ए)।** केंद्र सरकार ने किसानों के लिए बड़ा फैसला लिया है, प्याज के निर्यात पर लगा प्रतिबंध हटा दिया है। इससे महाराष्ट्र के किसानों को बड़ी राहत मिली है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता वाली मंत्रियों की समिति ने प्याज निर्यात को मंजूरी दे दी है। देश में प्याज की बढ़ती कीमतों पर काबू पाने के लिए सरकार ने इसके निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था और 31 मार्च 2024 की समय सीमा तय की थी, लेकिन समय सीमा से पहले ही प्रतिबंध हटा लिया गया।

गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई मंत्रियों की समिति की बैठक में इस फैसले को मंजूरी दे दी गई है। सरकार ने यह मंजूरी गुजरात और महाराष्ट्र में प्याज के स्टॉक को देखते हुए दी है। केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने केंद्रीय गृह मंत्री को प्याज किसानों की स्थिति की जानकारी दी, जिसके बाद प्रतिबंध हटाने का फैसला लिया गया।

## 3 लाख मीट्रिक टन प्याज के निर्यात को मंजूरी



पहले आई कई रिपोट्र्स में कहा गया था कि केंद्र सरकार प्याज के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटाने पर विचार कर रही है। बताया जा रहा है कि इसका मुख्य कारण प्याज उत्पादक क्षेत्रों में प्याज और अन्य सब्जियों की कीमतों में गिरावट है। अब केंद्रीय मंत्रियों की समिति ने प्रतिबंध हटाने का फैसला किया है और 3 लाख मीट्रिक टन प्याज के निर्यात को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही बांग्लादेश को 50 हजार टन प्याज के निर्यात को भी मंजूरी दे दी गई है। प्याज के उत्पादन में गिरावट और आसमान छूती कीमतों के कारण केंद्र सरकार ने 8 दिसंबर को प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। इस संबंध में विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि प्रतिबंध 31 मार्च 2024 तक लागू किया गया है। दिसंबर महीने में प्याज की कीमत में बड़ा इजाफा हुआ और इसकी कीमत 100 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई।

# बिहार की जेलों में बिहार पुलिस ने की ताबड़तोड़ छापेमारी

### पटना से आरा तक मचा हड़कंप

**पटना,18 फरवरी 2024 (ए)।** बिहार के कई जेलों में छापेमारी हुई है।स्थानीय जिला प्रशासन और पुलिस की टीम ने कई जेलों में छापेमारी की है,जिसके बाद संबंधित जेल में हड़कंप मचा गया है। मिली जानकारी के अनुसार पटना जिले के बाढ़ उपकारा में छापेमारी हुई है।एसडीम शुभम कुमार पुलिस अधिकारियों के साथ मंडल उपकारा में अचानक छापेमारी की।इस दौरान सभी वार्डो की सघन तलाशी ली गई लेकिन किसी भी प्रकार की कोई आपत्तिजनक समान वार्ड से बरामद नहीं हुआ है। अचानक तलाशी से जेल के अंदर हड़कंप मच गया।छापेमारी के दौरान स्थानीय थानेदार प्रदीप कुमार के साथ ही भारी संख्या में पुलिस बल तैनात थे। वहीं सारण के छपरा कारागार में भी छापेमारी की सूचना है।जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारियों ने जेल के विभिन्न





वार्डो की सघन तलाशी ली है।वहीं सासाराम जेल में भी डीएम और एसपी ने छापेमारी की है।

छापेमारी आरा मंडल कारा में भी हुई। अहले सुबह हुई छापेमारी से कैदियो के बीच हड़कंप मच गया , मॉडल कारा में कैदी अभी नींद के आगोश में ही थे अचानक भोजपुर के जिलाधिकारी राजकुमार के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम जेल के अंदर पहुंच गई और छापेमारी शुरू कर दी उनके साथ पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार सहायक पुलिस अधीक्षक सदर अनुमंडल पदाधिकारी समेत कई थानों की पुलिस बल मौजूद थी इस दौरान जेल के एक-एक वार्डों की सघन तलाशी ली गई इस दौरान जेल में अफ़रा तफरी मच गई और कैदी कुछ समझ पाते तब तक प्रशासन ने वार्ड की तलाशी शुरू कर दी जेल में अचानक हुई छापेमारी से सनसनी फैल गई जेल में की गई छापेमारी मैं काफी संख्या में पुलिस के जवान भी मौजूद थे अधिकारियों ने सभी वार्डो का एक-एक कर सघन तलाशी ली इस संदर्भ में भोजपुर के जिलाधिकारी राजकुमार ने बताया कि यह रूटीन के तहत छापेमारी की गई है 2 घंटे चली छापेमारी में कुछ आपत्तिजनक सामान जेल से बरामद नहीं हुआ है वहीं हर वार्ड और बैरक की चेकिंग की गई जेल के हॉस्पिटल का भी जांच किया गया सब कुछ सामान्य है कहीं से कुछ बरामद नहीं किया गया है

सासाराम मंडल कारा में डीएम नवीन कुमार तथा एसपी विनीत कुमार ने सुबह साढ़े पांच बजे पहुंचकर छापामारी किया।करीब 3 घंटे मंडल कारा सासाराम में चली छापामारी में आपत्तिजनक सामान अंदर से बरामद नहीं हुआ।मंडल कारा सासाराम के एक एक वार्ड बैरक हॉस्पिटल में गहन छापामारी किया गया।छापामारी में डीएम तथा एसपी के अलावा एसडीएम आशुतोष रंजन तथा एसडीपीओ दिलीप भी मौजूद रहे।कड़ी चौकसी के बीच इस छापामारी से बंदियों में हड़कंप मचा रहा।डीएम नवीन कुमार ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए तथा रूटीन जांच किया गया।

जिलाधिकारी नवीन कुमार ने कहा कि मंडल कारा सासाराम में स्थित अस्पताल बैरक एक-एक वार्ड की जांच के साथ ही सीसीटीवी कैमरा भी जांच किया गयो । उन्होंने कहा कि इस छापामारी में आपत्तिजनक सामान नहीं मिले हैं लेकिन तंबाकू मिलने पर कई तरह के निर्देश दिए गए हैं। वहीं मंडल कारा के गाइडलाइन के अनुसार अन्य व्यवस्था का भी जांच के साथ आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

## पश्चिम बंगाल का सियासत गरमाया

» मैं बोलूंगी तो ईडी घर आ जाएगी,

» मुझे बोलने का अधिकार नहीं;

» क्या डरी हुई हैं ममता बनर्जी ?

» पश्चिम बंगाल की सीएम का बड़ा बयान



**कोलकाता,18 फरवरी 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल की सियासत गरमा गई है। पूर्वी भारत का एक प्रमुख राज्य एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में है। हिंसा और विवाद के बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बड़ा बयान दिया है। कहा कि मुझे कुछ भी कहने का अधिकार नहीं है। साथ ही अगर वे कुछ भी कहेंगे तो ईडी की टीम उन तक पहुंच जाएगी। इसके अलावा उन्होंने धर्मनिरपेक्षता और भारतीय संघवाद पर भी अपने विचार रखे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि वह ऐसे किसी भी व्यक्ति को स्वीकार नहीं कर सकती जो कहता है कि धर्मनिरपेक्षता बुरी चीज है या लोकतंत्र खतरनाक है। ममता ने आरोप लगाया कि देश में संघवाद 'पूरी तरह से नष्ट' हो गया है और कई राज्यों को जीएसटी का हिस्सा नहीं मिल रहा है। कोई कहेगा कि धर्मनिरपेक्षता खराब है, समानता अकल्पनीय है, लोकतंत्र खतरनाक है और संघीय ढांचा विनाशकारी है। इसलिए हम स्वीकार नहीं कर सकते।मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि संविधान की आत्मा उसकी प्रस्तावना है। देश का संविधान लोकतंत्र, संघवाद और धर्मनिरपेक्षता को ध्यान में रखकर बड़ी मेहनत से तैयार किया गया था। उन्होंने यह भी कहा है कि मौलिक अधिकारों और देश की संप्रभुता के बीच संतुलन नहीं बिगड़ना चाहिए।एक कार्यक्रम में बोलते हुए ममता बनर्जी ने कहा अगर संविधान केवल एजेंसियों द्वारा, एजेंसियों के लिए और एजेंसियों द्वारा चलाया जाता है, तो हम इसे स्वीकार नहीं कर सकते।

## विपक्ष के नेता भी लगा रहे एनडीए 400 पार के नारे

### विकसित भारत के लिए भाजपा सरकार का तीसरा टर्म जरूरी : मोदी





**नई दिल्ली,18 फरवरी 2024 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए भाजपा की सत्ता में जोरदार वापसी को जरूरी बताते हुए कहा है कि आज विपक्ष के नेता भी एनडीए 400 पार के नारे लगा रहे हैं, लेकिन एनडीए के 400 पार होने के लिए भाजपा को 370 सीट का माइलस्टोन पार करना ही होगा।राष्ट्रीय अधिवेशन में रविवार को मोदी-मोदी के नारे के बीच समापन भाषण देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वह भाजपा सरकार का तीसरा टर्म, सत्ता भोग के लिए नहीं मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि, ऐसे ही मैं अपने सुख-वैभव के लिए जीने वाला व्यक्ति नहीं हूं। मैं बीजेपी सरकार का तीसरा टर्म, सत्ता भोग के लिए नहीं मांग रहा हूं। मैं राष्ट्र का संकल्प लेकर निकला हुआ व्यक्ति हूं। हम तो छत्रपति शिवाजी को मानने वाले लोग हैं। जब छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक हुआ, तो उन्होंने ये नहीं किया कि सत्ता मिल गई, तो चलो उसका आनंद लो। उन्होंने अपना मिशन जारी रखा। उन्होंने कहा कि वे राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि भारत के लाभ के लिए भाजपा के तीसरे टर्म की वकालत कर रहे हैं और उनके प्रयास भारत के लोगों को समर्पित हैं, भारतीयों के सपने उनकी प्रतिबद्धता है।

## प्रदेश के युवाओं को भड़का रही भाजपा

### प्रयागराज में भारत जोड़ो नया यात्रा में उमड़ी भीड़

**प्रयागराज,18 फरवरी 2024 (ए)।** कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा रविवार को प्रयागराज पहुंची। प्रयागराज में आनंद भवन से राहुल गांधी ने अपनी यात्रा शुरू की। खुली जीप में राहुल गांधी लोगों का अभिवादन स्वीकार करते चल रहे थे।




कटरा में लक्ष्मी टाकिज चौराहे पर राहुल ने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने पेपर लीक और जाति जनगणना का मुद्दा उठाया। राहुल गांधी ने कहा कि संगम की धरती पर अत्याचार हो रहा है। उत्तर प्रदेश के छात्रों को भड़काया जा रहा है अगर आप पढ़ाई का लोन मांगो तो वह जूते मार के भगा देंगे। छात्रसंघ चुनाव बंद कराकर आपकी शक्ति को छीन लिया गया है। उन्होंने मौजूद छात्रों से पूछा अडानी की कौन सी जाती है। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान की किसानों की लिस्ट निकालो यह किसानों का कर्ज कभी माफ नहीं करते। राहुल के साथ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय, विधायक मोना तिवारी और पूर्व विधायक अनुग्रह सिंह चल रहे थे। इसके पहले 3:00 बजे राहुल बमरौली एयरपोर्ट पर पहुंचे। यहां से वह सीधे काफिले के साथ आनंद भवन पहुंचे और वहां यात्रा में शामिल हुए। राहुल प्रयागराज और प्रतापगढ़ के बॉर्डर क्षेत्र मऊआइमा के सकरेमऊ गांव में रात्रि विश्राम करेंगे। वहां से कल सुबह उनकी यात्रा प्रतापगढ़ रवाना होगी।

## टाइमर बम का ऑर्डर देने वाली मास्टर माइंड इमराना के खौफनाक इरादे

### पूछताछ में किए चौंका देने वाले खुलासे

**मुजफ्फरनगर,18 फरवरी 2024(ए)।** टाइम बम का ऑर्डर देने वाली मास्टर माइंड इमराना को उसके मुजफ्फरपुर आवास से यूपी एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। इमराना ने ही मेरठ में चार टाइम बम के साथ गिरफ्तार जावेद को ऑर्डर दिया था। इमराना ने पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं।



पूछताछ में इमराना ने यूपी एसटीएफ को बताया कि मुजफ्फरनगर में साल 2013 में हिंदू-मुस्लिम झगड़ा हुआ था। इस दौरान मेरा घर जला दिया गया था। जिसमें मेरा बहुत नुकसान हुआ था। इसे लेकर मैं बहुत आक्रोशित थी। इसके बाद मैंने जावेद से संपर्क किया था और बम बनवाए थे ताकि कोई दंगा हो तो इसका इस्तेमाल कर सकें।

इमराना ने बताया कि उसने इस बार जावेद को दस बम बनाने का ऑर्डर दिया था। सोचा था कि कोई दंगा होगा तो इससे तबाही की जाएगी। जावेद अपने किसी जानने वाले के पास बम बनाता है। इस बार कम बारुद मिलने के कारण जावेद पांच बम ही बना पाया था। एक बम गर्म होकर खराब हो गया। उसे काली नदी में फेंक दिया। वह बम लेकर मेरे पास आ रहा था कि पुलिस ने रास्ते में पकड़ लिया।

इमराना निरमाना थाना शाहपुर मुजफ्फरनगर की रहने वाली है। शामली के आजाद से इसका निकाह हुआ था। इसके दो बेटे मोनू और सोनू हैं। एक बेटे की मौत हो चुकी है। इमराना बीस साल से काली नदी के पास कमरा लेकर रहती है। जावेद के पिता हकीम थे। जिससे इमराना दवा लिया करती थी। इसी दौरान उसकी जावेद से मुलाकात हुई थी। जावेद ने बताया कि इमराना ने उसे बोतल बम तैयार करने के लिए 10 हजार रुपये पहले दिए थे। बाकी 40 हजार रुपये बम मिल जाने पर देने के लिए कहा था।

## फार्म हाउस में गैंगस्टर का एनकाउंटर

### डीजीपी ने दिया बड़ा बयान

**बरनाला,18 फरवरी 2024 (ए)।** पंजाब के बरनाला जिले से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां पर एक कुख्यात गैंगस्टर का एनकाउंटर कर दिया गया है। बता दें कि खौफ का दूसरा नाम कहा जाने वाला कुख्यात अपराधी गुरमीत सिंह माना उर्फ काला धनौला पुलिस एनकाउंटर में मारा गया है। बताया जा रहा है कि गैंगस्टर गुरमीन सिंह माना पर पहले से करीब 60 मुकदमें दर्ज हैं, इनमें हत्या के भी कई मामले हैं। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की टीम ने इस एनकाउंटर की घटना को अंजाम दिया है। वहीं गुरमीत सिंह माना के एनकाउंटर के बाद से चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात है।

पंजाब पुलिस के डीजीपी ने भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इस एनकाउंटर की जानकारी दी है। डीजीपी पंजाब पुलिस के एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में लिखा गया है कि एक बड़ी सफलता में, एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की पंजाब पुलिस ने जिला बरनाला के बड़बर में एक फार्म हाउस में वांटेड ए श्रेणी के गैंगस्टर गुरमीत सिंह उर्फ काला धनौला को ढेर कर दिया। पोस्ट में आगे लिखा गया है कि पुलिस पार्टी ने आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी की, क्रॉस-फायरिंग में एक इंस्पेक्टर और एक सब-इंस्पेक्टर घायल हो गए हैं।आगे जानकारी देते हुए लिखा है कि आरोपी



का आपराधिक इतिहास है और उसके खिलाफ 60 से अधिक संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

पुलिस का कहना है कि पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स टीम और गैंगस्टर के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ के दौरान गैंगस्टर की तरफ से फायरिंग की गई। वहीं पुलिस टीम की ओर से भी आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की गई। इसी मुठभेड़ के दौरान गैंगस्टर गुरमीत सिंह माना उर्फ काला धनौला को गोली लगी और उसकी मौत हो गई। वहीं इस एनकाउंटर में पुलिस टीम के भी एक इंस्पेक्टर और एक सब-इस्पेक्टर को गोली लगी है। दोनों घायल पुलिसकर्मियों का उपचार किया जा रहा है।

## मणिपुर में संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन कर रहा यूएनएलएफ

### हिंसक गतिविधियों में सामने आई संलिप्तता

**नई दिल्ली,18 फरवरी 2024 (ए)।** यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट मणिपुर में संघर्ष विराम समझौते



का उल्लंघन कर रहा है। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि सुरक्षा एजेंसियों ने संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर करने के बावजूद मणिपुर में बढ़ती हिंसा पर चिंता व्यक्त की है।

यूएनएलएफ (पी) 29 नवंबर, 2023 को इंफाल घाटी में सरकार के साथ युद्धविराम समझौता करने वाला और हिंसा छोड़ने पर सहमत होने वाला पहला मैतेई सशस्त्र समूह बना। हालांकि, रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि समूह के सदस्य आदिवासियों को निशाना बनाने के लिए कुकी आबादी वाले क्षेत्रों के बाहरी इलाके में शिविर स्थापित कर रहे हैं। यूएनएलएफ (पी) के कैडर सुरक्षाबलों और आम जनता के खिलाफ हिंसक गतिविधियों में शामिल रहे हैं।

## डीएमके और कांग्रेस के बीच फंसा पेंच

» तमिलनाडु में सीट शेयरिंग को लेकर मची रार

» तमिलनाडु में कांग्रेस को कम सीटें दी जानी चाहिएःडीएमके

» कांग्रेस राज्य की 16 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती

**चेन्नई,18 फरवरी 2024 (ए)।** द्रमुक तमिलनाडु में कांग्रेस को सात से अधिक लोकसभा सीटें देने को तैयार नहीं है, जबकि कांग्रेस राज्य की 16 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। कांग्रेस ने 2019 के आम चुनाव में द्रमुक के नेतृत्व वाले सेक्युलर प्रोग्रेसिव अलायंस (एसपीए) के गठबंधन सहयोगी के तौर पर राज्य की नौ लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ा था।

### कांग्रेस को अधिक से अधिक सात सीटें दी जा सकती हैं : डीएमके

साल 2019 में पार्टी ने आठ सीटें जीती थीं, जबकि एक सीट पर उसे हार का सामना करना पड़ा था।



सूत्रों ने कहा कि इस बार कांग्रेस के उम्मीदवारों की सूची बहुत बड़ी है। लेकिन द्रमुक ने कांग्रेस नेतृत्व को कह दिया है कि कांग्रेस को अधिक से अधिक सात सीटें दी जा सकती हैं।

### राज्य में कांग्रेस की ताकत कम

इससे पहले, द्रमुक के जिला सचिवों ने पार्टी नेतृत्व को बताया था कि कांग्रेस को कम सीटें दी जानी चाहिए क्योंकि जमीन पर उसकी ताकत कम है। वहीं प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व उम्मीद कर रहा है कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी द्रमुक प्रमुख से पार्टी को कुछ और सीटें देने के लिए कहेंगे।


## संपादकीय

### कांग्रेस आलाकमान की भी जिद है

कांग्रेस ने राज्यसभा के लिए 10 नामों की जो सूची जारी है उसमें दो नाम बहुत दिलचस्प हैं। एक महाराष्ट्र के प्रत्याशी चंद्रकांत हंडोरे का नाम और दूसरा कर्नाटक के प्रत्याशी अजय माकन का नाम। माकन को कांग्रेस आलाकमान ने दो साल पहले 2022 में हरियाणा से राज्यसभा का प्रत्याशी बनाया था। तब भाजपा ने निर्दलीय कार्तिकेय शर्मा को समर्थन देकर चुनाव उलझा दिया। माकन की जीत सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा के विधायकों को छत्तीसगढ़ ले जाकर एक रिसॉर्ट में रखा गया था। तब छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की सरकार थी। लेकिन यह रणनीति काम नहीं आई और कांग्रेस के एक विधायक की क्रॉस वोटिंग के चलते अजय माकन एक वोट से चुनाव हार गए थे।इसी तरह पार्टी आलाकमान ने करीब दो साल पहले महाराष्ट्र में विधान परिषद चुनाव के लिए चंद्रकांत हंडोरे को उम्मीदवार बनाया था। कांग्रेस ने अपने कोटे की दो सीटों में से पहली सीट के लिए हंडोरे को और दूसरी सीट के लिए भाई जगताप को उम्मीदवार बनाया था। वोटिंग के बाद पता चला कि दूसरे नंबर के उम्मीदवार भाई जगताप तो जीत गए लेकिन हंडोरे हार गए। वे दलित समुदाय के आते हैं। पार्टी के विधायकों ने ही उनको हरा दिया। अब कांग्रेस आलाकमान हंडोरे को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया है। इस तरह कांग्रेस आलाकमान ने भी अपनी जिद दिखाई है कि उसने जिसको पसंद किया है उसे चुनना ही होगा। अगर एक बार में नहीं तो दूसरी बार में और एक जगह से नहीं तो दूसरी जगह से।

# जीवाईएएन ही है देश की असली जाति

पिछले कुछ महीनों से विपक्षी देश में जातिगत जनगणना की मांग करते आ रहे हैं । बिहार में तो नीतीश कुमार जब से आर.जे.डी. के साथ थे, जातिगत जनगणना करा दी थी । इसे सर्वे का नाम दिया गया क्योंकि जनगणना करने का अधिकार मात्रा केन्द्र को है । असल में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल जनगणना के द्वारा नारा दे रहे हैं कि जिसकी जितनी आबादी उसका उतना प्रतिनिधित्व । इसके उत्तर में मोदी जी ने देश में केवल चार जातियां बतलाई हैं-महिला किसान गरीब और युवा । अब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसे जीवाईएएन का नाम दिया है यानि जी से गरीब, वाई से युवा, ए से अन्नदाता और एन से नारी । पिछले दिनों मध्य प्रदेश के झाबुआ में माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के 11 फरवरी के दौरे के समय डॉ. यादव ने अपने भाषण में कहा कि अब मध्यप्रदेश हर्षित है उत्साहित है । देश के लोकप्रिय और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी झाबुआ में जनजातीय सम्मेलन को सम्बोधित करने पधारे । इस दिन पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि थी जो समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई । उनका एकात्म मानववाद का दर्शन ही पाथेय है । समाज की अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए समर्पित होकर समाज और सरकार को कार्य करने के लिए प्रेरित करने वाले पं. दीनदयाल जी का पूरा जीवन समर्पण का प्रतीक था। यह ऐतिहासिक संयोग है कि इसी दिन ही संथाल परगना में क्रांतिकारी जनजातीय नायक वीर तिलका मांझी का जन्म हुआ था । जनजातीय समुदाय के प्रति प्रधानमंत्री जी का स्नेह, समर्पण और सम्मान हम सब जानते हैं। उन्होंने हमारे आग्रह को स्वीकार किया और झाबुआ आने पर सहमति दी। झाबुआ साधारण क्षेत्र नहीं है। यह




क्षेत्र क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद की जन्मभूमि रही है। आज प्रधानमंत्री जी के झाबुआ आगमन पर मध्यप्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता की ओर से मैं उनका हृदय से स्वागत करता हूं ।प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि जनजातीय समाज के जल, जंगल और जमीन पर आंच न आए तथा उनके कल्याण के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं। उन्होंने देश के 11 करोड़ से अधिक जनजातीय बंधुओं के हितों को संरक्षण प्रदान किया है। प्रधानमंत्री जी ने विकसित भारत के चार अमृत स्तंभ जीवाईएएन अर्थात जी से गरीब, वाई से युवा, ए से अन्नदाता और एन से नारी पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर दिया । वर्ष 2047 तक भारत को विश्व का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ विगत दिनों निकाली गई विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान केन्द्र और राज्य की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के अंतर्गत 50 लाख से अधिक लोगों को लाभान्वित किया गया है। प्रधानमंत्री जी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास नारा दिया है। उनके मार्गदर्शन में हर गरीब और वंचित को सुविधाएं पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में केन-बेतवा परियोजना की तरह पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना की स्वीकृति दी गई है, जो प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से हमने श्रीअन्न के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना शुरू की । प्रधानमंत्री जी ने जनजातियों के स्वत्व, स्वाभिमान और स्वराज रक्षक भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित कर जनजातीय समुदाय का मान बढ़ाया है। मध्यप्रदेश में जनजातियों के उत्थान के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई हैं। जनजातीय युवाओं को स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश में भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजनाएं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना आदि लागू की गई है । प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से मप्र सरकार जो निर्णय ले रही है, वह भविष्य के संकल्पों को पूरा करने के लिए मोदी जी की गारंटी है। मोदी जी के मन में मध्यप्रदेश है, इसीलिए, मुझे पूरी उम्मीद है कि जब भारत विश्व का विकसित राष्ट्र बनेगा, तब मध्यप्रदेश भारत के प्रांतों में अग्रणी होगा । अमृतकाल में अमृतपथा पर आगे बढ़ते हुए हम सभी विकसित भारत निर्माण के लिए विकसित मध्यप्रदेश निर्माण का संकल्प लें ।जबसे डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हुए हैं, वे रात-दिन एक करके प्रदेश को प्रगति पथ पर ले जा रहे हैं । यह सबको माननीय मुख्यमंत्री का सहयोग करते हुए प्रदेश की प्रगति में भागीदार बनना चाहिए ।

-अजय दीक्षित-

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# गरीब को पांच किलो अनाज

प्रधानमंत्री की बताई चार जातियों में से एक जाति गरीब की है, जिसके बारे में सरकार की ओर से दावा है कि पिछले नौ साल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। अंतरिम बजट से पहले सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार की ओर से तैयार की गई एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया, जिसे बाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दोहराया। हालांकि भारत में गरीबों की संख्या के आकलन का कोई स्पष्ट आधार नहीं है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण विभाग यानी एनएसएसओ की ओर से 2017-18 में गरीबी का आंकड़ा जारी करने वाला था, जिसे सरकार ने रोक दिया था। इस तरह 2011 के बाद से गरीबी का औपचारिक आंकड़ा जारी नहीं हुआ है। फिर भी सरकार का दावा है कि 25 करोड़ को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकाला है।अब कितने गरीब बचे हैं इसका आधिकारिक आंकड़ा नहीं है। वैसे भी न तो गरीबी के आंकड़े जारी हुए हैं और न 2011 के बाद जनगणना हुई है। हर दस साल पर होने वाली जनगणना 2021 में होनी थी लेकिन 2020 में आए कोरोना की वजह से इसे रोक दिया गया। बाद में सारे चुनाव हुए और दूसरी तमाम गतिविधियां हुई लेकिन जनगणना नहीं हुई। इसलिए भी आबादी और उसकी सामाजिक, आर्थिक स्थिति के बारे में सरकार के पास कोई औपचारिक डाटा नहीं है। कोरोना के बीच सरकार ने पांच किलो अनाज मुफ्त देने की योजना शुरू की थी, जिसे प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना नाम दिया गया। इसे दुनिया की सबसे बड़ी खाद्य सुरक्षा योजना बना कर प्रचारित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में चुनाव के दौरान पिछले साल प्रधानमंत्री मोदी ने इसे पांच साल के लिए बढ़ाने का ऐलान किया। यानी 2028 तक देश के 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को पांच किलो अनाज मिलता रहेगा। अब यह पता नहीं है कि जो 25 करोड़ गरीबी से बाहर निकल गए हैं उनको पांच किलो अनाज मिल रहा है या नहीं? अगर उसे छोड़ें तब भी कम से कम 80 करोड़ गरीब तो है ही, जिनको पांच किलो अनाज मिल रहा है।अगर विश्व बैंक की रिपोर्ट को आधार मानें तो भारत की 10 फीसदी आबादी गरीब है। उसकी गरीबी का पैमाना यह है कि किसी व्यक्ति को 2.15 डॉलर रोज यानी करीब 175 रुपए रोज की आमदनी हो रही है या नहीं। इस पैमाने का मतलब है कि 52 सौ रुपए महीना कमाने वाला व्यक्ति गरीब नहीं है। सोचें, इस रिपोर्ट के मुताबिक देश में 14 करोड़ के करीब लोग हैं, जो 175 रुपया रोज नहीं कमा पाते हैं। इसके थोड़ा ऊपर यानी जिसको गरीबी रेखा से ठीक ऊपर यानी एपीएल माना जाता है उनकी आबादी इससे बहुत ज्यादा होगी। यह स्थिति तब है, जब केंद्र की सरकार पिछले 10 साल से दावा कर रही है कि वह गरीब कल्याण के लिए समर्पित है। लेकिन गरीब कल्याण का कुल जमा मतलब यह है कि उसे पांच किलो अनाज मिल रहा है। कुछ लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर मिल रहे हैं और कहीं शौचालय बन रहे हैं।



-हरिशंकर व्यास-

## आओ मधुमास

आओ मधुमास, स्वागत है।
इठलाओ मधुमास, स्वागत है।
वसुंधरा की सजी काया।
नीलव्योम को हर्ष आया।
मधुप-प्रसून छा गये,
नव तन तरुवर पाया।
कुछ गाओ मधुमास,
स्वागत है।
आओ मधुमास ! स्वागत है।
पूनम को गमकता सुधाकर।
दिवस दहकता दिव्य दिवाकर।
अब चहुँओर बरसे सुधा,
बहता समीर आहें भर कर।
कुछ सुनाओ मधुमास,
स्वागत है।
आओ मधुमास ! स्वागत है।
मदमस्त मधुर विभावरी।
कोमल देही ज्यों साँवरी।
सकल सितारों के मध्य,
नुपुर खनकाती ज्यों परी।
छा जाओ मधुमास,
स्वागत है।
आओ मधुमास !
स्वागत है।



**टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला**
घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# भाजपा की घबराहट या रणनीति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले लोकसभा चुनाव को लेकर अति आत्मविश्वास में हैं या घबराहट में हैं? यह एक ऐसा सवाल है, जिसके जवाब को लेकर इस समय देश भर में बहस हो रही है। सोशल मीडिया ने ऐसी बहसों के लिए अच्छा प्लेटफॉर्म मुहैया कराया है। पारंपरिक मीडिया में चलने वाली एकतरफा चर्चाओं के बीच सोशल मीडिया में दोनों तरह के नैरेटिव के लिए जगह बनी है। एक तरफ ऐसा मानने वाले लोग हैं कि प्रधानमंत्री अति आत्मविश्वास में हैं इसलिए उन्होंने चार सौ पार का नारा दिया है। उन्होंने लोकसभा में खड़े होकर कहा कि देश की जनता भाजपा को 370 सीटें तो दे ही देगी और एनडीए को चार सौ के पार पहुंचा देगी। अपने इस भाषण से पहले ही उन्होंने अपने तीसरे कार्यकाल की बात शुरू कर दी थी और उसका एजेंडा तय करने लगे थे। यह विपक्ष के खिलाफ मनोवैज्ञानिक युद्ध की एक रणनीति भी हो सकती है लेकिन उन्होंने ऐसा भरोसा दिखाया है, जिससे विपक्ष का आत्मविश्वास निश्चित रूप से हिला होगा।इस भरोसे और चार सौ के पार के नैरेटिव के बीच एक दूसरा पक्ष है, जो भाजपा की ओर से किए जा रहे माइक्रो मैनेजमेंट को उसकी घबराहट के तौर पर देख रहा है। अनेक लोग ऐसे हैं, जो नीतीश कुमार को एनडीए में शामिल कराने के राजनीतिक घटनाक्रम को भाजपा की घबराहट या बेचैनी के रूप में देख रहे हैं। उनको लग रहा है कि कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न देकर भाजपा अंतिम समय में अति पिछड़ा वोट आधार को साधने की राजनीति कर रही है। ऐसे लोग चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने और उनके पोते जयंत चौधरी की एनडीए में वापसी को भाजपा का डेस्परेट अटेम्प मान रहे हैं। तमिलनाडु के रहने वाले महान कृषि वैज्ञानिक व अर्थशास्त्री एमएस स्वामीनाथन और आंध्र प्रदेश के रहने वाले पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव को मरणोपरांत भारत रत्न देने को दक्षिण भारत में पैर जमाने की कोशिश के तौर पर देख जा रहा है। एक सामान्य नैरेटिव यह बना है कि मोदी ने कर्पूरी ठाकुर के जरिए मंडल को, लालकृष्ण आडवाणी के जरिए मंदिर को, पीवी नरसिंह राव के जरिए मार्केट को और स्वामीनाथन व चौधरी चरण सिंह के जरिए मंडी को यानी किसानों को साधने का प्रयास किया है।यह सवाल भी पूछा जा रहा है कि जब अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का उद्घाटन हो गया और रामलला विराज गए और काशी व मथुरा का अभियान शुरू हो गया तो भाजपा को क्यों जयंत चौधरी की पार्टी राष्ट्रीय लोकदल की जरुरत है? यह सवाल भी है कि अगर बिहार में अति पिछड़ों के मसीहा रहे कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दे दिया और गैर यादव पिछड़ा वोट भाजपा के साथ है तो फिर उसे नीतीश की जरुरत क्यों है? जब अजित पवार से तालमेल कर लिया तो मराठा वोट के लिए अशोक चव्हाण की क्यों जरुरत है? देश भर में विपक्षी पार्टियों के नेताओं पर कार्रवाई या उनको तोड़ कर भाजपा में शामिल कराने या कर्नाटक से लेकर बिहार और उत्तर प्रदेश से लेकर आंध्र प्रदेश, पंजाब और महाराष्ट्र तक के नए व पुराने सहयोगियों को एनडीए से जोड़ने की कवायद को भी इस रोशनी में देखा जा रहा है कि भाजपा में घबराहट है और वह अंतिम समय में इस तरह के उपाय कर रही है, जो कारगर नहीं भी हो सकते हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा, अमृत काल में भारत को विकसित बनाने, भारत के विश्व गुरू बनने, मोदी के मजबूत नेतृत्व, विपक्ष के भ्रष्ट होने के प्रचार, राममंदिर के उद्घाटन, अनुच्छेद 370 की समाप्ति और समान नागरिक संहिता के बावजूद भाजपा जिस तरह के छोटे छोटे प्रबंधन कर रही है उसको उसकी घबराहट के तौर पर देखा जा रहा है।लेकिन क्या सचमुच ऐसा है? क्या इस तरह के माइक्रो मैनेजमेंट को घबराहट माना जाना चाहिए या इसे पार्टी की रणनीति मान कर इसका विश्लेषण होना चाहिए? सोचें, प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीए के लिए चार सौ सीट का लक्ष्य घोषित कर दिया है तो क्या वह उसी तरह चुनाव लड़ कर हासिल हो जाएगा, जैसे पिछला चुनाव लड़ा गया था? नए लक्ष्य को हासिल करने के लिए नई तैयारियां करनी होती है, नई रणनीति बनानी होती है और यह काम सारी पार्टियां करती हैं। आखिर लगातार दो चुनावों में बुरी तरह से हारने के बाद ही तो राहुल गांधी को ख्याल आया कि पूरे देश की यात्रा करते हैं! सक्रिय राजनीति में आने के 18 साल के बाद राहुल सितंबर 2022 में पदयात्रा पर निकले थे। लगातार दो चुनाव हारने के बाद ही विपक्षी पार्टियों ने साथ मिल कर भाजपा से मुकाबला करने का फैसला किया था। पिछले साल मई-जून में विपक्षी पार्टियों ने भाजपा की नींद उड़ाई थी, जब कर्नाटक में कांग्रेस जीती और उसके बाद 26 पार्टियों ने एकजुट होकर फैसला किया कि भाजपा के हर उम्मीदवार के खिलाफ विपक्ष का एक उम्मीदवार उतारेंगे। उसके बाद ही भाजपा को अपनी चुनावी रणनीति में बदलाव करने की जरुरत पड़ी है।सो, यह सवाल बचकाना है कि जब राममंदिर हो गया या जब ये सारे काम हो गए तो इतने माइक्रो मैनजमेंट की क्या जरुरत है। इस तरह के सवाल हर बार पूछे जाते हैं, तब भी जब राज्यों के भी चुनावों में प्रधानमंत्री मोदी अंधाधुंध सभाएं कर रहे होते हैं या एक एक राज्य में कई कई बार रैलियां करते हैं। लेकिन किसी भी मुकाबले का कोर सिद्धांत यह है कि जब लड़ें तो पूरी तैयारी और ताकत के साथ लड़ें। आधी अधूरी लड़ाई का कोई मतलब नहीं होता है। अगर किसी के पास संसाधन हैं या ताकत हैं तो उन्हें लड़ाई में झोंकना होता है। उसे बचा कर रखने का कोई तर्क नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी इस सिद्धांत से चुनाव में उतरते हैं। वे कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। जंग जीतने के लिए साम, दाम, दंड और भेद सबका इस्तेमाल करते हैं।इसलिए नरेंद्र मोदी की चुनावी राजनीति को निकट अतीत के इतिहास से समझने की जरुरत है। वे कोई भी चीज संयोग के भरोसे नहीं छोड़ते हैं। अपनी तरफ से सुनिश्चित करने की कोशिश करते हैं। हो सकता है इसमें कई बार विफलता भी मिली हो लेकिन इससे हर लड़ाई में अपना सब कुछ झोंकने की उनकी सोच नहीं बदलती है। बिहार भाजपा के नेताओं ने उनको बताया था कि नीतीश के बगैर भी 25-30 सीटें जीत सकते हैं। लेकिन उन्होंने कहा कि पिछली बार की तरह 39 या सभी 40 सीटें जीतनी हैं। इसलिए तमाम आलोचनाओं के बावजूद नीतीश कुमार की एनडीए में वापसी कराई गई। उत्तर प्रदेश में भी कहा गया कि राममंदिर की लहर और योगी के बुलडोजर न्याय से भाजपा अपनी 62 सीटें आराम से जीत जाएगी लेकिन उन्होंने सभी सीटें जीतने का लक्ष्य रखा। इसलिए चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिया गया और जयंत चौधरी को एनडीए में शामिल कराया गया ताकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ साथ हरियाणा और राजस्थान की जाट बहुल सीटों पर भाजपा का मुकाबला आसान हो।

-अजीत द्विवेदी-

## ऐसी क्या मजबूरी है

बिना रिश्तों के यह ज़िन्दगी अधूरी है
रिश्तों का होना
ज़िन्दगी में बहुत ज़रूरी है
मर मर कर क्यों
जी रहे हैं लोग विचार करो
क्यों भूल गए रिश्तों की एहमियत
ऐसी क्या मजबूरी है
माता पिता ने बच्चों को
पढ़ाया लिखाया
पेट अपना काट कर उनको खिलाया
उस पढ़ाई से तो थे
अनपढ़ ही अच्छे
जिसने मां बाप को बृद्धाश्रम पहुंचाया
अब कहां मिलेगा पुत्र
जैसे श्रवण कुमार
जिसने माता पिता पर
सब कुछ दिया वार
आजकल कौन रखना चाहता है
पुरानी चीजें
माया के इस चक्कर ने
कई घर दिए उजाड़
नई पीढ़ी रहने लगी है
अब बुजुर्गों से दूर
खो गई जवानी
नशे में रहती है हरदम चूर
संस्कार तो जैसे गुम हो गए
अंधेरे में कहीं
बड़ा बन गया अगर तो भी
काहे का ग़रूर



**रवींद्र कुमार शर्मा घुमारवीं**
बिलासपुर हिमाचलप्रदेश

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## विदाई

गम का बादल अब छाने लगी
आंसुओ की बारिश होने लगी
सबके मन में उदासी छाई
अब विदाई की बेला आई।
दो साल संग खेले और पढ़े
अपने भविष्य को लेकर बढ़े
बिछड़ने की अब बारी आई
अब विदाई की बेला आई ।
दो साल बेटी बेटा बनकर रहे
हम शिक्षकों के डांट को सहे
जीवन में ऐसे कार्य मत करना
जिससे हो तुम्हारी जग हंसाई
अब विदाई की बेला आई।
सुख के पल को याद रखना
दुख के पल को भूल जाना
पढ़ाई के प्रति गंभीर रहना
इसी में है तुम सबकी भलाई
अब विदाई की बेला आई।
दो साल तुम लोगों के साथ कैसे बीता
समय यूंही गुजर गया नहीं चला पता
कल तक जो अपना था अब हुई पराई
अब विदाई की बेला आई।



**श्याम सुंदर साहू**
राजिम जिला गरियाबंद छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## शिव का रूप

शंकर-शंकर भज मन मेरे,
जीवन में रस घोल लिया,
कोरा था जो कागज मेरा,
शिव का रूप उकेर लिया।
शंकर-शंकर ...
कभी ओम की धुन बन जाते,
कभी आंख से मुस्काते हैं,
भोले इस सारे जीवन का,
सार पलों में कह जाते हैं।
शंकर-शंकर ....
कहीं दीप की बाती बनकर,
भोले तम हर जाते हैं,
कहीं होले से हंसकर भोले,
जीवन में रंग भर जाते हैं।
शंकर-शंकर ...
प्रेम पाश में बंधकर भोले,
सब न्योछावर कर देते,
जीवन की हर गांठ बांधकर,
सब पीड़ाओं को हर लेते।
शंकर-शंकर ...
शिव शंकर भोले नामों में,
अपनापन-सा लगता है,
भोले खुद होठों से अपने,
एक सार कर जाते हैं।
शंकर-शंकर ....



**कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी राम**
गांधीनगर, इन्दौर, मध्यप्रदेश


प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# आधुनिक युग में अति महत्वाकांक्षा की भेंट चढ़ गया है बच्चों का बचपन



**कुमकुम कुमारी**
काव्याकृति
मुंगेर,बिहार

परिवर्तन सृष्टि का अटूट नियम है।वक्त के साथ हर चीज बदलती है परंतु विगत दो से तीन दशकों में बदलाव की रफ्तार बहुत तेज हो गई है।यह बदलाव कई बार हमारे जीवन में उथल-पुथल भी ला रही है।आज जब हम अपने बचपन के दिनों को याद करते हैं और अपने बच्चों के बचपन को देखते हैं तो दोनों के बचपन में आसमान-जमीन का अंतर दिखता है।वर्तमान समय काफी तेजी से बदल रहा है।इस बदलाव के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रभाव देखे जा सकते हैं।आज दुनिया काफी सिमट गई है और इसी में सिमट गया है आज के बच्चों का बचपन।हमारे समय में भी पढ़ाई होती थी हम भी पढ़ते थे पर पढ़ाई का बोझ सिर पर लेकर नहीं घूमते थे।कुछ ही किताब और एक लालटेन में हम कई भाई-बहन पढ़ लेते थे।न कोई प्रतिस्पर्धा न ही कुछ छूटने - खोने का डर।संयुक्त परिवार ,अपनो का साथ और दुनिया भर की मौज-मस्ती में बीता हमारा बचपन।कल क्या होगा कोई चिंता नहीं। तनावरहित पढ़ाई और दोस्तों के साथ खूब खेलना ही हमारे बचपन का हिस्सा था।पढ़ाई ज्ञानार्जन के लिए होता था किसी प्रतिस्पर्धा के लिए नहीं।हमें तो याद नहीं है कि कभी मेरे माता-पिता यह कहकर पढ़ने बैठाए हो कि पढ़-लिखकर मुझे डॉक्टर, इंजीनियर या कोई बड़ा अधिकारी बनना है वो तो बस इतना ही कहते कि शिक्षा से बुद्धि का विकास होता है और बुद्धि के विकास के लिए किताबी कीड़ा बनने की आवश्यकता क्या है वो तो नानी-दादी के किस्से-कहानियों व घर में हो रहे रामायण वाचन से भी हो जाता है।परंतु आज समय काफी बदल गया है और इस बदलाव की आंधी में हम भी बदल गए।पता नहीं किस चीज को पाने के लिए हम अपने बच्चों पर इतना दबाव डाल रहे हैं।हम अपने बच्चों को किताबी कीड़ा बना कर रख दिए हैं।छोटी उम्र से ही हम बच्चों के मन में प्रतिस्पर्धा का भाव भरते जा रहे हैं।परिवार से दूर सामाजिक क्रियाकलापों से दूर हम बच्चों को मशीनी दुनिया में ले जाकर छोड़ दिए हैं। हमें आज भी याद है कि जब हमारे घर पर कोई अतिप्रिय परिवार जन यथा मौसी,फुआ आदि आती थीं तो हमारा सारा समय उनके इर्दगिर्द ही बीतता था परंतु आज का युग जिसे हम आधुनिक युग कहते हैं और खुद को आधुनिक कहलाने पर गर्व महसूस करते हैं बिल्कुल बदल गया है।आज यदि कोई हमारे घर आने की बात करते हैं तो हम यह सोचकर असहज हो जाते हैं कि उनके आने से हमारे बच्चों की पढ़ाई बाधित होगी।आज के बच्चे रिश्तेदारों से दूर होते जा रहे हैं।आधुनिक शिक्षा व्यवस्था ने रिश्तों की समझ वाले पाठ को ही पाठ्यक्रम से बाहर कर दिया है। बचपन जो जीवन का सबसे खूबसूरत समय होता है उसे हम आज के बच्चों से छीनते जा रहे हैं। एकल परिवार, बढ़ता शहरीकरण, भौतिकतावादी मानसिकता ने आज के बच्चों का बचपना छीन लिया है। आज के बच्चे खुद में सिमटते जा रहे हैं।आधुनिकता की अंधी दौड़ में हम सभी जी-जान लगाकर दौड़े जा रहे हैं।ज्ञात सुख-सुविधा को छोड़ अज्ञात सुख की प्राप्ति हेतु अपने जीवन का सबसे सुखद अवस्था को त्याग रहे हैं। बच्चे आज रिश्तों के मूल्यों को भूलते जा रहे हैं उनमें सामंजस्य का भाव नगण्य होता जा रहा है और उनके इस मानसिकता के जनक हम आप ही हैं।आखिर किस चीज की प्राप्ति के लिए हम अपने बच्चों के साथ इतने क्रूर होते जा रहे हैं? क्या हम भावनारहित मशीनीयुग बनाना चाहते हैं?अगर नहीं तो रुकिए थोड़ा विचार कीजिए अपने बच्चों के बचपन को अति महत्वाकांक्षा की भेंट चढ़ने मत दीजिए।



समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK

# आवास योजना के नाम पर ग्रामीण क्षेत्रों में ठगी करने वाले 3 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 18 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

आवास योजनापीपीपी अंतर्गत स्वयं को पर्यवेक्षण अधिकारी बता ग्रामीण क्षेत्रों में मकान निर्माण कार्य में अनियमितता एवं देरी से निर्मण किए जाने का जबरन दबाव डाल जांच के नाम पर ग्रामीणों से अवैध वसूली करने वाले तीन लोगों को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपियों के पास से पुलिस ने दो मोटरसाइकिल, तीन मोबाइल, एक टेबलेट और 24 हजार नकद बरामद किया है। तीनों आरोपियों के एकाउंट भी फ्रिज कर दिए गए हैं।

एएसपी पपुलेश कुमार ने प्रेस वार्ता कर घटना के संबंध में बताया कि केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर लोगों ठगी की जानकारी सरगुजा पुलिस को मिल रही थी। पुलिस आरोपियों की तलाश में थी। इसी बीच सोमवार को पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली की गांधीनगर थाना क्षेत्र के गंगापुर में दो बाइक में तीन संदिग्ध लोग घुम रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों संदिग्ध को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो ये ठगी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी रोहित तिवारी पिता स्व. रामजी तिवारी उम्र 25 वर्ष निवासी



गंगापुर तिवारी टोला मनियर बलिया (उप्र), कृष्णा पाण्डेय पिता जवाहिर पाण्डेय उम्र 35 वर्ष निवासी बीरामाटी थाना पकड़ी जिला बलिया (उप्र) व गौतम पाण्डेय पिता हरेराम पाण्डेय उम्र 30 वर्ष बीरामाटी थाना पकड़ी जिला बलिया (उप्र) को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि सरगुजा जिले के बतौली व रघुनाथपुर थाना क्षेत्र में ठगी करने की बात स्वीकार की है।

आरोपियों ने रघुनाथपुर थाना क्षेत्र निवासी निवासी तिलक केरकेट्टासे केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर 24 हजार नकदी व इनके बैंक खाते से 60 हजार ठगी किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 420 व 34 के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। उक्त कार्रवाई में प्रआर भोजराज पासवान, आरक्षक अनुज जायसवाल, अशोक यादव, जितेश साहू, मनीष सिंह, विकाश सिंह, संजीव चैबे, सुयश पैकरा शामिल रहे।

### विगत 1 वर्ष में 30 लाख से अधिक की कर चुके हैं ठगी

आरोपियों ने विगत 1 वर्ष में झारखंड के धनबाद, रांची, गुमला, बोकारो व छत्तीसगढ़ के जशपुर, पत्थलगांव, सरगुजा में घूम-धूम कर करीब 150 ग्रामीणों को ठकी का शिकार बना चुके हैं। आरोपियों ने 150 लोगों से करीब 30 लाख रुपए ठकी कर चुके हैं। आरोपियों ने लोगों के घरों में जाकर केन्द्र सरकार की योजनाओं का पर्यवेक्षण अधिकारी होना बताते थे और योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर इनसे ठगी कर लेते थे। वहीं लोगों को विश्वास में लेने के लिए अपने पास रखे मोबाइल व टैब में रुपए लेन देन का फोटो व वीडियो भी बनाते थे। एएसपी पुपलेश कुमार ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना बतौली व रघुनाथपुर में ठगी करने का अपराध दर्ज है। वहीं आरोपियों द्वारा जशपुर जिले के दो प्रकरण में 70 व 20 हजार रुपए ठगने का अपराध दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 24 हजार रुपए नकद, दो मोबाइल, दो बाइक, एक टैबलेट व बैंक खातों में जमा राशि हेतु संबंधित बैंक से संपर्क कर फिज कराने हेतु पत्राचार किया गया है।

# 50 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार




- संवाददाता -
अंबिकापुर, 18 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

आबकारी विभाग के संभागीय उडऩ्दस्ता दल ने मणिपुर थाना क्षेत्र से 50 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। अरोपी उक्त शराब को बेचने के लिए रखा था। उडऩ्दस्ता दल ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि मणिपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हर्राटिकरा में विश्वेश्वर पैकरा अपने घर में शराब बनाकर विक्री करने की जानकारी लगातार मिल रही थी। मुखबिर की जानकारी पर उडऩ्दस्ता टीम ने विश्वेश्वर के घर छापेमारी कर 50 लीटर मुहआ शराब जब्त कर उसे गिरफ्तार किया गया है। टीम ने आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)ख, 34(2) एवं 59 (क) के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में आबकारी मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, कुमारूराम, रामाधार कुशवाहा नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी उपस्थित रहे।

# सरकार सभी महिलाओं को महतारी वंदन योजना का दे लाभ : द्वितेन्द्र मिश्रा

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 18 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

द्वितेंद्र मिश्रा प्रदेश महामंत्री कांग्रेस छत्तीसगढ़ ने कहा है कि भाजपा सरकार में बीजेपी के नेताओं द्वारा बड़े-बड़े वादे मंच में घोषणा की थी। लेकिन बीजेपी के नेताओं द्वारा जो फार्म भराया गया था उसमें किसी भी प्रकार की फॉर्मेलिटी कागजात का उल्लेख नहीं था लेकिन आज जो फॉर्म भराया जा रहा है उसमें विभिन्न प्रकार के दस्तावेज राशन कार्ड, पैन कार्ड,आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र,विवाह प्रमाण पत्र, आयु सीमा भी मांगी जा रही है सभी दस्तावेज की जांच कर पात्र-अपात्र सूची बनाई जा रही है उसके बाद योजना का लाभ दिया जायेगा। कवर्धा के विधायक प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा मंचों में घोषणा किया गया था कि प्रत्येक घर के महिलाओं को चाहे जितनी भी हों विवाहित महिलाओं को चाहे कलेक्टर की पत्नी हो या मिनिस्टर की पत्नी हो हर विवाहित महिलाओं को 1000 रु.दिया जाएगा। घर में तीन महिलाएं हैं तो 3000 रु.चार हैं तो 4000 रु.देने की बात इंटरनेट मीडिया में प्रसारित भी हुआ है। अब कठोर नियम कानून क्यों। अब सरकार को अपने वादे अनुसार सभी महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ देना चाहिए ना कि नियम कानून बताकर उन्हें ठगा जाए।



# विजिबल पुलिसिंग के तहत 130 से अधिक वाहन चालकों पर की गई कार्रवाई

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 18 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा शनिवार की रात को विजिबल पुलिसिंग के तहत शहर में सघन चेकिंग अभियान की कार्रवाई की गई। पुलिस राजपत्रित अधिकारियों के देख-रेख में समस्त थाना, चैकी के करिब 150 की संख्या में उपस्थिति बल द्वारा सघन चेकिंग शहर के सभी प्रमुख चैक-चैराहों सहित सभी आउटर सीमा पर तैनात कर नाबालिग वाहन चालक, तीन सवारी, शराब पीकर वाहन चलाने एवं मॉडिफाइड साइलेंसर वाले वाहन चालकों पर सख्ती के साथ कार्रवाई की गई। शहर के 10 प्रमुख चौक -चौराहों पर पुलिस टीम तैनात किए गए थे। जिसमें समलाया चैक, भारत माता चौक, बंगाली चौक, चांदनी चौक, बिलासपुर चौक , बस स्टैंड तिराहा, चैपाटी, अम्बेडकर चौक , पंजाब गार्डन तिराहा, साई मंदिर तिराहा के पास संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सघन जांच की गई। कार्रवाई के दौरान 130 से अधिक वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई एवं 19 वाहनों को जब्त कर न्यायालय भेजी गई। चालानी कार्रवाई दौरान वाहन मालिकों से कुल 65 हजार 8 सौ समन शुल्क वसूली गई। कार्रवाई के दौरान 3 नाबालिग वाहन चालकों के परिजनों के विरूद्ध कार्रवाई की गई। मॉडिफाइड अमानक साइलेंसर के मामले में 2 अमानक साइलेंसर को निकलवाकर जब्त की गई। तीन सवारी वाले 55 वाहन चालकों के विरूद्ध भी कार्रवाई की गई है।

एसपी के अनुसार सरगुजा पुलिस द्वारा यातायात के नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों पर निरंतर अभियान चलाकर कार्रवाई की जायगी। यातायात के नियमों का पालन करने, नाबालिगों को वाहन चलाने हेतु ना देने की अपील सरगुजा पुलिस ने आम नागरिकों से की है। वहीं सरगुजा पुलिस 10 लोकेशन पर तैनात संबंधित थाना, चौकी क्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा रूची लेकर अपने थाना क्षेत्र में सडक़ दुर्घटना रोकने एवं यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने हेतु कार्यवाही की गई।








# उप स्वास्थ्य केन्द्र का घटिया निर्माण पर ग्रामीणों में आक्रोश

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 18 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

जिले के बड़ादमाली में 6 बिस्तरीय उप स्वास्थ्य केन्द्र का अतिरिक्त निर्माण कराया जा रहा है। पर स्थानीय ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि मानक के अनुसार अस्पताल का निर्माण नहीं कराया गया है। छत के लिए 10 एमएम का रॉड उपयोग किया जाता है पर संबंधित ठेकेदार द्वारा छत की ढलाई के लिए 8 एमएम का रॉड उपयोग किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य के सभी मानकों को दरकिनार कर विभाग और ठेकेदार एक तरफ जहां शासन को चूना लगा रहे हैं वहीं दूसरी ओर इसका खामियाजा आने वाले दिनों में आदिवासी ग्रामीणों को उठाना पड़ सकता है। अस्पताल भवन के घटिया निर्माण का विरोध ग्रामीणों ने पुरजोर तरीके से किया है। इसके बावजूद विभाग मनमानी करते हुए छत की ढलाई आनन-फानन में करा दी है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर खड़ी 108 संजीवनी एक्सप्रेस एंबुलेंस में लगी आग, वाहन हुई जलकर खाक






- संवाददाता -
सूरजपुर, 18 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

जिला मुख्यालय सूरजपुर के मेंनरोड स्थित आइडिया टावर के समीप चंद्रपुर के मध्य बाबू मोटर रिपेयरिंग सेंटर में बनने आई 108 संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस जो राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के दाएं हाथ पर बाबू ऑटो रिपेयरिंग सेंटर गैरेज के सामने रोड पर खड़ी थी उक्त एंबुलेंस वाहन को अचानक से आग ने अपने चपेट में ले लिया और धीरे-धीरे आग का भयावक रूप बढ़ता चल गया और एंबुलेंस वाहन के कांच एवं अन्य उपकरण आग के आगोश में बम की आवाज में फूटने लगे जिससे चारों तरफ धुआ ही धुआ फैलने लगा उक्त घटना की सूचना रोड से निकल रहे भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल(अज्जू) ने इसकी जानकारी तत्काल मौके पर अपनी वाहन खड़ाकर कर फायर ब्रिगेड टीम को घटना की सूचना देकर अग्निशमन नियंत्रक वाहन एवं कंट्रोल रूम को इसकी जानकारी दें वाहन को बुझाने का प्रयास किया जहां कुछ ही देर में इसकी सूचना जैसे ही शहरवासियों को लगी वैसे ही घटनास्थल पर लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई वैसे ही सूरजपुर कोतवाली थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का अथक प्रयास किया.

# मरीजों को नहीं मिल रहा महंगी जांच सेवाओं का निःशुल्क लाभ

- सवाददाता -
अंबिकापुर, 18 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल का हमर लैब में महत्वपूर्ण व महंगी जांच सेवाओं का निःशुल्क लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। इसका फायदा मरीजों को नहीं मिल रहा है। महंगी जांच के लिए मरीजों को निजी लैब का चक्कर लगाना पड़ रहा है।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में हमर लैब की स्थाना लगभग एक वर्ष पूर्व की गई थी। इससे उम्मीद थी कि मरीजों से समुचित स्वास्थ्य जांच का फायदा मिलेगा। यहां 170 प्रकार के जांच का लाभ मरीजों को मिलने के गाल बजाए गए थे। लेकिन इस मंशा पर ग्रहण लग गया है। मरीजों को उच्चस्तरीय आधुनिक लैब की सुविधा नहीं मिल पा रही है। एक सप्ताह से अधिक हो गए हमर लैब के बॉयोकेमेस्ट्री विभाग में एलएफटी, आरएफटी, लिम्पिड प्रोफाइल, एचबीआइएसी जैसी जांच सुविधाओं का लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। लैब में रोजाना एक सौ से अधिक मरीज इस जांच के लिए पहुंच रहे हैं। पर इन्हें जांच की सुविधा नहीं मिल रही है। वर्तमान में हालात ऐसे हैं कि ऑपरेशन के लिए भर्ती मरीजों को भी जांच के लिए खासी दिक्कत झेलनी पड़ रही है। इन्हें जांच के लिए स्वजन निजी लैबों में जा रहे हैं।मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हाइटेक लैब की स्थापना करने का मकसद मरीजों को अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराना ही नहीं बल्कि त्वरित जांच रिपोर्ट से अवगत कराना था। उद्घाटन के समय पूर्व स्वास्थ्य मंत्री का सैंपल लेकर जिस प्रकार जांच रिपोर्ट देने में तत्परता दिखाई गई थी, उसका लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। लैब का संचालन पुराने ढर्रे पर होने से निःशुल्क चिकित्सा सुविधा की जगह वाह्य जांच केंद्रों में जेब हल्की करनी पड़ रही है। मरीजों को जांच के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए बनाई गई पूर्व व्यवस्था भी ध्वस्त हो गई है। पूर्व में भर्ती मरीजों का किसी प्रकार का लैब टेस्ट होना हो, तो संबंधित वार्ड के ड्यूटी कक्ष में उपस्थित नर्स के द्वारा पर्ची लैब में सेंपल के साथ भेज दी जाती थी। अब हालात बदल गए हैं, सैंपल व पर्ची लेकर स्वयं मरीज या उनके स्वजन चक्कर काटते रहते हैं।




# हाथियों के दल ने एक ग्रामीण को उतारा मौत के घाट

- संवाददाता -
सुरजपुर, 18 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

बिहारपुर क्षेत्र में हाथियों का आतंक बदस्तूर जारी है, बीते दिन 7 हाथियों के दल ने एक ग्रामीण को मौत के घाट उतार दिया,घटना की जानकारी मिलने के बाद वन अमला मौके पर पहुंचकर मृतक का शव का पंचनामा तैयार कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। शनिवार के दिन मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले का मलगो गांव के रहने वाला मायाराम नाई 55 वर्ष मोहरसोप आया था और जंगल के रास्ते अपने घर को निकला था दलदली के जंगल पर पहुचते ही 7 हाथियों के दल के चंगुल में फस गया जहाँ हाथियों ने बेरहमी से कुचलकर कर मौत की नींद सुला दिया है। घटना के बाद हाथियों की मौजूदगी रहने देर शाम तक वन अमला दूरी बनाए रखा था। आज वन विभाग दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही कर पोस्टमास्टम के भेज दिया है। गौरतलब है कि बिहारपुर क्षेत्र व उद्यान एरिया में दो दलों में हाथियों की मौजूदगी एक माह से है एक दल 30 तो वही दूसरे दल 8 हाथी है। जो मोहरसोप के जंगल,रसौकी, बसनारा व छतरंग के जंगल सहित उद्यान क्षेत्र में विचरण कर रहे है।



# छत्तीसगढ़ में लागू हुआ न्योता भोजन कार्यक्रम,कोरिया जिले में न्योता भोजन कार्यक्रम के प्रथम आयोजक बने आईसी मार्ट के संचालक

## पहले न्योता भोजन के साक्षी बने जिले के आला अधिकारी भी,न्योता भोजन में शामिल हुए सभी

## पोती के जन्मदिन पर छात्रों के साथ स्वादिष्ट भोजन करना सुखद पल महेंद्र वैद्य

## सुपोषण शिक्षा और संस्कार भावी पीढ़ी की मजबूती के लिए जरूरी:कलेक्टर लंगेह







-रवि सिंह-
बैकुंठपुर,18 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ के स्कूलों में अब न्योता भोजन योजना लागू कराया गया है पूरे छत्तीसगढ़ में 17 फरवरी को यह आयोजन हर जिले में देखने को मिला। इस न्योता भोजन का पहली बार आयोजन करने वाले लोग न्योता भोजन के जहां आयोजक बने वहीं जिले के आला अधिकारी सहित न्योता भोज में शामिल लोग इसके साक्षी बने, जिन्होंने 17 फरवरी को न्योता भोजन दिवस में बदल दिया और छात्रों के साथ अपने पारिवारिक किसी समारोह या शुभ अवसर को आयोजित कर उनके साथ स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया।

ज्ञात हो की प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को दिए जाने वाले गर्म भोजन को सामुदायिक भागीदारी की बदौलत और अधिक पोषक बनाने की अभिनव पहल की गई है। शाला अवधि में विद्यार्थियों को भोजन प्रदाय करने के लिए संचालित प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना गाइड लाइन में सामुदायिक आधार पर तिथि भोजन के प्रवधान के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में इसे 'न्यौता भोजन' के नाम से लागू करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को आदेश जारी कर दिया गया है। जो व्यक्ति छात्रों को भोजन कराना चाहते हैं, उन्हें इसकी जानकारी पूर्व में ही देनी होगी। उस दिन विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन के स्थान पर संबंधित व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा न्यौता भोज कराया जाएगा, अर्थात जिस दिन स्कूलों में न्यौता भोज परोसा जाएगा उस दिन मध्यान्ह भोजन का वितरण नहीं होगा। व्यक्ति या संस्था विभिन्न त्यौहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर छात्रों को भोजन करा सकेंगे, इसी तत्वाधान में बैकुंठपुर शहर के समाजसेवी तथा आईसी मार्ट व्यवसायिक प्रतिष्ठान के संचालक महेन्द्र वैद्य ने अपने पोती के जन्म होने के अवसर पर आज बैकुण्ठपुर स्थित कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिले के कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की उपस्थिति में छात्राओं को पौष्टिक भोजन कराया। कोरिया जिले के वासियों से भी यह अपील की गई थी इसी कड़ी में बैकुण्ठपुर के कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शहर के समाजसेवी तथा आईसी मार्ट के संचालक महेन्द्र वैद्य ने अपने पोती के जन्म होने के अवसर पर छात्राओं को पौष्टिक व गरम भोजन कराकर न्यौता भोजन की शुरूआत की। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना से जहां बच्चों को पौष्टिक भोजन मिलेगा वहीं समाज में एक सकारात्मक संदेश भी जाएगा। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि इस योजना के तहत जो भी संगठनए संस्था इसमें भागीदार बनना चाहते हैं वे जरूर पहल करें इससे सुपोषण शिक्षा और संस्कार में भी बढ़ोत्तरी होगी।

### स्कूल में दिए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं

कलेक्टर लंगेह ने कहा कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को दिए जाने वाले गर्म भोजन को सामुदायिक भागीदारी की बदौलत और अधिक पोषक बनाने की अभिनव पहल की गई है जबकि स्कूल में दिए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं होगा।

### न्योता भोजन का उद्देश्य

न्योता भोजन का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि और सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है। यह पूरी तरह से स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग व कोई भी सामाजिक संगठन स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं। अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकेंगे। न्योता भोजन स्कूल में दिए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं होगा बल्कि यह विद्यार्थियों को दिए जा रहे भोजन का पूरक होगा। समुदाय में ऐसे दानदाताओं की पहचान की जा सकती है जो रोटेशन में माह में कम से कम एक दिन शाला में न्योता भोजन करा सके। भोजन दान की प्रकृति को महादान के रूप में प्रचारित किया जाना है जिसमें पूरे विद्यालय अथवा किसी कक्षा विशेष के बच्चों को न्योता भोजन कराया जाता है। 'न्योता भोजन की घोषणा प्रार्थना के दौरान की जाएगी। घोषणा में दान.दाता के नाम की भी घोषणा की जा सकती है व उन्हें आमंत्रित किया जा सकता है। इस अवसर पर शहर के अनेक जनप्रतिनिधिए शिक्षक.शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थे।

### सामाजिक संगठन भी कर सकेंगे योगदान

छत्तीसगढ़ के स्कूलों में अब न्योता भोजन योजना लागू की जाएगी। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को दिए जाने वाले गर्म भोजन को सामुदायिक भागीदारी की बदौलत और अधिक पोषक बनाने की अभिनव पहल की गई है। शाला अवधि में विद्यार्थियों को भोजन प्रदाय करने के लिए संचालित प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना गाइड लाइन में सामुदायिक आधार पर तिथि भोजन के प्रवधान के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में इसे 'न्योता भोजन' के नाम से लागू करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को आदेश जारी कर दिया गया है। जो व्यक्ति छात्रों को भोजन कराना चाहते हैं, उन्हें इसकी जानकारी पूर्व में ही देनी होगी। उस दिन विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन के स्थान पर संबंधित व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा न्योता भोज कराया जाएगा, अर्थात जिस दिन स्कूलों में न्योता भोज परोसा जाएगा उस दिन मध्यान्ह भोजन का वितरण नहीं होगा। व्यक्ति या संस्था विभिन्न त्यौहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर छात्रों को भोजन कराना।

### दानदाता होंगे सम्मानित

समुदाय में ऐसे दान दाताओं की पहचान की जा सकती है, जो रोटेशन में माह में कम से कम एक दिन शाला में 'न्योता भोजन' करा सके। दानदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें शाला की प्रार्थना सभा व वार्षिक दिवस में सम्मानित किया जाएगा। भोजन दान की प्रकृति को महादान के रूप में प्रचारित किया जाना चाहिए, जिसमें पूरे विद्यालय अथवा किसी कक्षा विशेष के बच्चों को 'न्योता भोजन' कराया जाता है। 'न्योता भोजन' की घोषणा प्रार्थना के दौरान की जाए। घोषणा में दान-दाता के नाम की भी घोषणा की जा सकती है व उन्हें आमंत्रित किया जा सकता है।



# 49 बटुकों का कराया सामूहिक उपनयन संस्कार



-संवाददाता-
सूरजपुर 18 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

सर्व ब्राह्मण समाज सूरजपुर के तत्वावधान में जिला मुख्यालय रिंग रोड स्थित श्री शिव परशुराम धाम में बसंत पंचमी के शुभ मुहूर्त में ब्राह्मणों के बच्चों का सामूहिक उपनयन संस्कार विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कराया गया।जिसमे जिले सहित सरगुजा संभाग के विभिन्न जिलों से पहुंचे 49 बटुकों का उपनयन संस्कार दिन भर चले विविध आयोजनो के दौरान ब्राह्मणों ने अपने अपने बच्चों का उपनयन संस्कार करा बटुकों को यज्ञोपवित धारण कराया । आयोजन में शामिल आचार्यों ने बटुकों को सीखा सूत्र,तिलक का पालन करते हुवे संस्कारवान रहने का उपदेश दिया ।16 संस्कारों में से एक उपनयन संस्कार बहुत महत्वपूर्ण है जिसका पालन करने के उपदेश के साथ साथ वैदिक शिक्षा का ज्ञान भी दिया गया जिसमें प्रमुख आचार्यों में रामस्वंबर तिवारी,राजेश महराज,रामेश्वर शुक्ला,विनोद मिश्र,अजय पांडेय,संतोष तिवारी,प्रभाकर तिवारी,सुशांत दुबे,कुणाल दुबे,विवेक दुबे सहित अन्य आचार्यों का आयोजन को संपन्न कराने में सक्रिय सहयोग रहा ।आयोजन में सर्व ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष मनोज अवस्थी व उनकी पूरी टीम सक्रिय रही।श्री अवस्थी ने बताया की परशुराम धाम निर्माण के बाद ब्राह्मण समाज के बच्चो का सामूहिक उपनयन संस्कार का भव्य आयोजन सभी के सहयोग से संपन्न हुआ। आगामी वर्षों इस आयोजन को और भव्य तरीके से आयोजित करने उन्होंने आस्वस्त किया।

# विधायक भूलन सिंह मरावी के प्रयास से क्षेत्र की जनता को बजट में मिला 58 करोड़ 67 लाख रूपये के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात

## विधायक ने प्रदेश के मुख्यमंत्री,वृत्त मंत्री,प्रभारी मंत्री का जताया आभार








-संवाददाता-
सूरजपुर,18 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रस्तुत बजट में प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए विधायक भूलन सिंह मरावी के द्वारा विधानसभा प्रेमनगर के शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के विकास कार्यों के लिए करोडो रूपये के कार्यों को बजट में शामिल कराया गया है । विधायक श्री मरावी अपने विधानसभा से निर्वाचन के बाद से ही क्षेत्र के विकास कार्य को प्राथमिकता में रखते हुए लगातार मांगों को लेकर विभागीय मंत्रियों एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलते रहे। जिसका प्रभाव राज्य के बजट में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ रहा है। श्री मरावी ने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास किये। जिसमें ये प्रमुख है। जमदेई से पोतका मार्ग पर रेहण्ड नदी निर्माण कार्य राशि तीन करोड पचास लाख रूपये। मायापुर ब से पेण्डरी मार्ग पर गलफुल्ली नाला पर पुलिया निर्माण कार्य तीन करोड पचास लाख रूपये। जयनगर से कांसापारा तर्क सड़क का नवीनीकरण निर्माण कार्य तीन करोड़ पचास लाख रूपये। केतका मुख्य मार्ग से देवीपुर महामाया मंदिर होते हुए पम्पापुर तक सड़क का चौड़ीकरण कार्य चार करोड़ पचास लाख रूपये। पस्ता से बद्रिकाश्रम से होते हुए सरईपारा रामानुजनगर तक सड़क निर्माण छः करोड़ रूपये। छिन्दिया से पिवरी तक सड़क निर्माण छः करोड़ रूपये। उमापुर पण्डरीपानी चौक से कोरिया बार्डर तक सड़क का निर्माण सात करोड़ पचास लाख रूपये। सूरजपुर के रिंग रोड (बाई पास) सड़क का नवीनीकरण कार्य आठ करोड़ रूपये। सूरजपुर के जिला मुख्यालय स्थित नावापारा में हाई स्कूल भवन निर्माण कार्य पच्चहतर लाख रूपये। प्रेमनगर के चन्दननगर में भवन निर्माण एक करोड़ इक्कीस लाख रूपये। प्रेमनगर के बकालो में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन निर्माण एक करोड़ इक्कीस लाख रूपये। टाकर से डूमर भवना होते हुए उमेश्वरपुर चौक तक सड़क निर्माण सात करोड़ पचास लाख रूपये। जिला मुख्यालय सूरजपुर में जिला आयुर्वेद कॉलेज एवं औषधालय की स्थापना सूरजपुर में दस बीस्तर आयुष पॉलिक्लिनीक की स्थापना, मुख्यालय सूरजपुर के महुवा पारा देवीपुर मार्ग पर पुल निर्माण लागत तिन करोड़ 50 लाख रूपये, नगरपालिका सूरजपुर के तहत तालाब सौंदर्य करण हेतु दो करोड़ो रूपए की राशि का प्रवधान किया गया है इसके साथ ही विभिन्न विभागों की मांगें जिसमें नवीन निर्माण, सिंचाई योजनाओं सहित शिक्षा के क्षेत्र में स्कूलों का उन्नयन सहित नवीन शालाओं की स्थापना के लिए बजट में राशि का प्रावधान किया गया है। बजट में पास किये गए उक्त कार्यों व उसके लागत में खर्च होनेवाली सम्भावित राशि की जानकारी देते हुए भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल सूरजपुर के अध्यक्ष अजयअग्रवाल (अज्जू) ने समस्त क्षेत्रवासियों की ओर से विधायक सम्मानीय भूलन सिंह मरावी जी को क्षेत्र के विकास में बहुमूल्य ध्यान रखते हुए विभिन्न विकास कार्यों हेतु प्रावधान कराये जाने पर आभार व्यक्त किया है।

# महामाया मंदिर से अज्ञात चोरो ने की चोरी,मौके पर पहुंची पुलिस

-संवाददाता-
बलरामपुर,18 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।



बलरामपुर जिले के राजपुर में स्थित महामाया मंदिर वह अन्य चार मंदिरों में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है और एक साथ सभी मंदिरों के ताले तोड़ दिए हैं। अज्ञात चोरों ने मंदिरों से माता के कपड़े साउंड बॉक्स व दान पत्र की चोरी की है। इस घटना से स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है। वहीं पुलिस की टीम जांच में जुट गई है।सुबह जब मंदिर के पुजारी घूमते टहलते मंदिर की तरफ पहुंचे तो उन्होंने मंदिर का ताला टूटा हुआ देखा तब मंदिर समिति वह स्थानीय लोगों को इसकी सूचना दी गई। तत्काल स्थानीय लोग मंदिर पहुंचे और उन्होंने देखा तो एक साथ सभी मंदिरों के ताले टूटे हुए थे। महामाया मंदिर से माता के कपड़े एवं साउंड बॉक्स गायत्री मंदिर से साउंड बॉक्स एवं दान पत्र संतोषी माता के मंदिर से दान पत्र एवं अन्य मंदिरों से भी विभिन्न सामान की चोरी की गई है। इस घटना के बाद तत्काल मंदिर समिति व मंदिर के पुजारी ने थाना को सूचना दिया है और पुलिस की टीम मामले की जांच में जुट गई है। इससे पहले भी कई बार मंदिर में चोरी की घटना हो चुकी है लेकिन अभी तक कोई कड़ी कार्रवाई नहीं हुई है। हैरान करने वाली बात यह है कि यह सभी मंदिर थाने के ठीक बगल में स्थित है।



# तो क्या..! मंत्री जी के गृह नगर की पुलिस हुई बेलगाम




## अपराधियों को खुलेआम मिल रहा खाखी का संरक्षण

## थाना प्रभारी की कार्यशैली से बिगड़ रहा नगर का माहौल

**नगर में बेकाबू हो रहे अपराधियों,बढ़ती अवैध कार्यों की अपराधिक घटनाएं पुलिस और कारोबारियों के गठजोड़ को दर्शाती हैं। यदि पुलिस सक्रिय होती और पिछली घटनाओं में लिप्त अवैध कारोबारियों पर दंडात्मक कार्रवाई होती तो आज अपराधी इतने निरंकुश न होते गौरतलब है कि वर्तमान थाना प्रभारी अपनी कार्यशैली से लगातार अखबारों में सुर्खियों बटोरते रहे हैं। बावजूद इसके आए दिन नगर में अवैध कार्यों में बढ़त होती जा रही है और नगर के लोगों की माने तो इन अवैध कारोबारियों को साहब का खुला संरक्षण भी मिल रहा**

### पत्रकारों को दी जा रही धमकी

-अरविंद द्विवेदी-
बिजुरी, 18 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

वैसे तो पुलिस का काम अपराधिक गतिविधियों व अवैध कार्यों पर लगाम कसते हुए अवैध कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही करना होता है। लेकिन इसके उलट अगर वही खाखी इन कारोबारियों को संरक्षण देने लग जाए तो भला इन पर अंकुश लगाए कौन.? कुछ ऐसा ही हाल इन दिनों नगर बिजुरी का है जहाँ पुलिस सुस्त और अवैध कारोबारी चुस्त दिखाई पड़ रहे हैं। जबकि जनचर्चा है कि खादी की आड़ में कुछ लोग पुलिस और इन अवैध कारोबारियों के बीच जुगलबंदी बनाकर आड़ में झाड़ काटकर अपना भी उल्लू सीधा कर रहे हैं।



### सरे बाजार दे रहे जान से मारने की धमकी

बीते दिनों इन अवैध कारोबारी व उसके संरक्षण कर्ताओं की कारगुजारियों को लेकर खबर प्रकाशित करने वाले पत्रकार को ही सरे बाजार घेरकर ये कहते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली कि मेरे खिलाफ खबर लिखने की तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई। उक्त घटना के पश्चात पत्रकार द्वारा बिजुरी थाने जाकर ऐसे अपराधियों के नाम सहित लिखित आवेदन देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। साथ ही पत्रकार द्वारा पुलिस कप्तान अनूपपुर, एडीजी शहडोल संभाग के साथ ही प्रदेश के मुखिया को पत्र लिखकर ऐसे अपराधियों व उनको संरक्षण देने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने एवं अपने जानमाल के सुरक्षा की मांग की है।

### खनन माफिया बंटी को किसका संरक्षण

बिजुरी नगर में इन दिनों रेत के अवैध खनन व परिवहन का काला धंधा अपने चरम पर है। डोंगरिया कला में वन विभाग की जमीन से झरझरा घाट मानो वैध खदान बन गई है। जहाँ बेखौफ़ होकर खनन माफिया बंटी बीते कई माह से लगातार रेत के अवैध काम को अंजाम दे रहा है। विदित हो कि बीते कुछ माह पहले ही खनिज विभाग की टीम द्वारा पकड़े गए ट्रैक्टर को जबरन छुड़ाकर फरार हो जाने का आरोपी बंटी को आखिर किसका अभयदान है जो खनिज अधिकारी की लिखित शिकायत के बावजूद आजतक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

### थाना प्रभारी पर कप्तान की पकड़ कमजोर

जिस प्रकार बिजुरी थाना अंतर्गत खुलेआम अवैध रेत का खनन और परिवहन हो रहा है उससे यह सवाल उठना लाजमी है कि बिजुरी थाने की पुलिस अधिकारियों की भी ना सुनते हुए अवैध रेत के मामले में अपनी मनमानी कर रहे। जनचर्चाओं में तो कई कारण है लेकिन यह बात तो साफ है कि बिजुरी थाना प्रभारी पर जिले के पुलिस कप्तान की भी पकड़ कमजोर है और भाजपा सरकार में अपनी ऊंची पहुंच के कारण थाना प्रभारी जिले के आला अधिकारियों तक को ठेंगा दिखा रहे हैं। जो इस समय विभाग से लेकर आम जनता में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### कलम की आड़ में काली कमाई का जुगाड़

अवैध कारोबारियों में जिन लोगों के नाम के चर्चे हैं वो लोग अपने मुंह माहिर है सब को मैनेज करने में। इतना ही नही इनके संबंध नगर में कुछ सफेदपोश नेताओं व बहरूपिया कलमधारियों से भी हैं। जो दिन के उजाले में खुद को पाकसाफ बताकर रात के अंधेरे में अवैध कारोबारियों के मौसेरे भाई बनकर इन अवैध कामों को अंजाम दे कर काली कमाई कर रहे हैं। फिर काम चाहे वसूली का हो या बतौर फील्डिंग चौकीदारी का, साहब के कृपापात्र दादा भाई अपने काम को बखूबी अंजाम दे रहे हैं।

### संरक्षण कर्ताओं के पेट में होने लगा है दर्द

आपराधिक गतिविधियों में शामिल सैफ सिद्दीकी उर्फ बंटी जो बिजुरी,कोतमा थाने के साथ-साथ वन विभाग के कई मामलों पर पुलिस की फाइलों में एक दर्जन से ज्यादा धाराओं का आरोपी है। उसको संरक्षण देने वाले लोग अब सरेराह गुंडागर्दी पर उतारू हो रहे हैं। ये लोग अपने आकाओं के रसूख के दम पर नगर में भय का वातावरण बनाकर अपने काले कारोबार को अंजाम दे रहे हैं। पहले तो रात के अंधेरे में छुप छुपाकर हो रहे इनके काम जब अखबारों तक पहुंची तो बौखलाहट धमकियों के रूप में सामने दिखाई पड़ने लगी है।

## बालको ने संयंत्र और समुदाय में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह पर चलाया जागरूकता अभियान

-संवाददाता-
कोरबा, 18 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।



वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने सड़क सुरक्षा हीरो बनें थीम पर महीने भर का अभियान आयोजित करके 35वीं राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया। अभियान का उद्देश्य संयंत्र और समुदाय के लोगों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देना है,जिससे सभी सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए एक सुरक्षित वातावरण तैयार हो सके। 15 जनवरी से 14 फरवरी के बीच चले अभियान में लगभग 8000 व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों को जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के चैंपियन के रूप में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। बालको ने कर्मचारियों, उनके परिवारों और व्यावसायिक भागीदारों के बीच सुरक्षित ड्राइविंग और सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए क्विज़, रैली, ड्राइंग और स्लोगन प्रतियोगिता सहित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया। कंपनी ने सड़क सुरक्षा उपायों के महत्व को बताने के लिए जागरूकतापूर्ण नाटक और आपातकालीन अभ्यास का भी अभियान चलाया। व्यक्तियों के बीच सुरक्षित व्यवहार को प्रोत्साहित करने के लिए सर्वोत्तम पार्किंग और सुरक्षित ड्राइविंग जैसे विषयों पर प्रतियोगिता आयोजित की गईं। संयंत्र के साथ कंपनी ने छात्रों के बीच जागरूकता और जिम्मेदारी की संस्कृति को बढ़ावा देते हुए आसपास के स्कूलों में ज्ञानवर्धक सुरक्षा वार्ता और प्रश्नोत्तरी आयोजित किया गया।

इस दौरान बालको ने अपने संयंत्र में रॉ मटेरियल और फिनिश्ड प्रोडक्ट के परिवहन के लिए भारी वाहनों का संचालन करने वाले 400 से अधिक ड्राइवरों के लिए नेत्र जांच और व्यापक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया। सड़क सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने के लिए संयंत्र परिसर में औचक वाहन निरीक्षण और संयंत्र के भीतर संभावित ब्लाइंड स्पॉट की पहचान कर उन्हें ठीक किया गया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि हमारे संगठन के भीतर और बाहर सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सड़क सुरक्षा पर हमारे महीने भर चलने वाले अभियान का उद्देश्य सड़क उपयोगकर्ताओं को सड़कों पर सुरक्षित रूप से चलने के लिए व्यापक ज्ञान और व्यावहारिक कौशल के साथ सशक्त बनाना है। सुरक्षा पर निरंतर जागरूकता और शैक्षिक पहल के माध्यम से हम अपने संयंत्र और समुदाय के भीतर एक सुरक्षित वातावरण बनाने के साथ सभी के बीच जिम्मेदारी और सम्मान की संस्कृति पैदा करने का प्रयास करने के लिए कटिबद्ध हैं।



## राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निराकरण हेतु जनसमस्या निवारण शिविर का किया गया आयोजन

-संवाददाता-
कोरबा, 18 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शासन,राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निराकरण हेतु जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन एसडीएम/तहसील कोरबा कार्यालय प्रांगण में शनिवार 17 फरवरी 2024 को सुबह 11 बजे से किया गया। शिविर में कुल 62 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें कोरबा अनुभाग के 47, कटघोरा 04, पाली 03 और पोंड़ीउपरोड़ा अनुभाग के 08 आवेदन पत्र शामिल हैं। शिविर स्थल पर ही कोरबा अनुभाग के दो आवेदनों का निराकरण किया गया तथा लंबित 60 आवेदनों का निराकरण शीघ्र करने के निर्देश कलेक्टर अजीत वसंत ने दिए।

## युवती का फांसी पर झूलता शव मिलने से फैली सनसनी

### मृतिका की नही हो पाई पहचान ... पुलिस शिनाख्ती के प्रयास में जुटी..



-संवाददाता-
अंबिकापुर, 18 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

शहर के नमनाकला कार्मेल स्कूल के समीप एक निर्माणाधीन दो मंजिला मकान में आज 18 फरवरी रविवार को अज्ञात युवती का फांसी पर झूलता शव मिलने से सनसनी फ़ैल गई। मृतिका की पहचान अभी नहीं हो सकी है। सूचना पर गांधीनगर पुलिस मौके पर मौजूद है और शव बरामद करने के साथ उसके पहचान के लिए प्रयास शुरू की गई है। थाना प्रभारी अश्वनी सिंह ने बताया कि युवती कब फांसी पर झूली यह स्पष्ट नहीं हो सका है। मकान मालिक चंद्रभान सिंह को घटना के बारे में देर शाम करीब साढ़े छह बजे बता चला। मृतिका की आयु 17 से 18 वर्ष के बीच होने का अनुमान लगाया जा रहा है। दूसरी मंजिल में शव मिला है। घटना स्थल पर सरेंसिक एक्सपर्ट को भी बुलाया गया है।

## दर्री पुलिस ने चोरी/नकबजनी के मामले में 06 लाख कीमती आभूषणों के साथ तीन आरोपी को किया गिरफ्तार



-संवाददाता-
कोरबा, 18 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

जिले में नए पुलिस कप्तान के आते ही विभाग द्वारा लगातार की जा रही है कार्यवाही। इसी तारतम्य में दिनांक 17.02.2024 को प्रार्थी प्रदीप लाठिया पिता रूपचंद लाठिया उम्र 33 साल सा. डी/243 एच टी पी एस कालोनी थाना दर्री द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि प्रार्थी दिनांक 11. 02. 2024 को सपरिवार काम से रायपुर गया हुआ था। दिनांक 15.02 2024 को फोन के माध्यम से प्रार्थी को सूचना मिली कि इसके घर का मुख्य दरवाजा का ताला टूटा हुआ है प्रार्थी द्वारा वापस घर आकर देखा कि घर के अंदर के दरवाजे को उखाड़ दिया गया है घर के अलमारी में रखे सोने चांदी का आभूषण 05 जोड़ी चांदी पायल,10 चांदी का सिक्का,02 नग सोने की अंगूठी,06 नग सोने की फुल्ली,06 जोड़ी सोने का टॉप्स,06 नग सोने का गेंहू दाना, 01 नग सोने का सिक्का,अन्य आभूषण,घरेलू समान एवं कुछ नकद को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गये है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध कमांक 35/2024 धारा 457,380,34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक कोरबा सिध्दार्थ तिवारी (भा.पु.से.) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा (रा.पु.से.) तथा नगर पुलिस अधीक्षक दर्री / कोरबा भूषण एक्का (रा.पु.से) के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी दर्री निरीक्षक रूपक शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित कर माल एवं मुल्जिम का पतासाजी हेतु पुलिस का जाल बिछाया गया । इस दौरान मुखबीर द्वारा सूचना मिला कि 01. सुनील तिर्की पिता सुखराम उम्र 35 साल साकिन अयोध्यापुरी उरावं मोहल्ला दर्री थाना दर्री जिला कोरबा (छ.ग.) 02. आशीष दास पिता श्याम दास उम्र 21 साल सा. जैलगांव बुढ़ादेव चौक अयोध्यापुरी थाना दर्री जिला कोरबा (छ0ग0) 03. विनय मुण्डा पिता हेरमन मुण्डा उम्र 18 साल साकिन अयोध्यापुरी गोंड़ मोहल्ला थाना दर्री जिला कोरबा (छ0ग0) के द्वारा अपने पास विभिन्न प्रकार के सोने-चांदी का आभूषण रखा है एवं बिक्री हेतु ग्राहक तलाश किया जा रहा । सूचना पर मौके पर जाकर उपरोक्त व्यक्तियों को हिरासत में लेकर गंभीरता से पूछताछ करने पर दिनांक घटना को घटना स्थल प्रार्थी प्रदीप लाठिया के मकान में रात्रि में घर घुसकर सोने चांदी के आभूषण एवं अन्य सामान चोरी करना स्वीकार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से लगभग 06 लाख रूपये कीमती के सवा किलो चांदी के आभूषण,02 तोला सोने के आभूषण,01 वेल्डिंग मशीन,01 सीसीटीवी कैमरा,01 वेट मशीन, 01म्यूजिक सिस्टम,01 हेयर ड्रायर, 01 आयरन प्रेस, 01 बीपी / बुखार चेक मशीन,01 प्लायर,02 हाथ घड़ी,03 जोड़ी जूते-चप्पल एवं साबून सोडा को जप्त किया गया। जिसे आज दिनांक 18.02.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी दर्री निरीक्षक रूपक शर्मा,सउनि भेवनदास चेलसे एवं आरक्षक ओमप्रकाश निराला, गजेंद्र राजवाडे, देवाशीष देवांगन, सुरेश मरावी एवं सैनिक रामलाल यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।


**न्यायालय तहसीलदार लटोरी जिला सूरजपुर (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0 202305262100061/अ-21/2022-2023

सर्व साधारण ग्रामवासी निवासी ग्राम कमलपुर तहसील लटोरी को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुखदेव मंडल आ0 शशीधर मंडल एवं अन्य सभी जाति नमोशुद्र निवासी ग्राम कमलपुर तहसील लटोरी जिला सूरजपुर ने अपने खाते की पुर्नवास विभाग से प्राप्त भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम कमलपुर तहसील लटोरी स्थित भूमि खसरा नंबर 165/1, 164/1 रकबा क्रमशः 0.48, 0.40 हे0 भूमि स्थित है। उक्त भूमि खसरा नंबर 164/1 में से 4 डिसमिल एवं खसरा नंबर 165/1 में से 26 डिसमिल भूमि को अनावेदक क्रेता श्रीवास कुमार रपतान आ0 स्व0 रशिलाल रपतान अध्यक्ष श्री राधा गोविन्द सेवा कुंज मंदिर एवं विद्यालय समिति ग्राम कमलपुर तथा खसरा नंबर 164/1 में से रकबा सवा चार डिसमिल भूमि को अनावेदक क्रेता क्र. 2 श्री धिरज कुमार विश्वास आ0 स्व0 मनिन्द्रनाथ विश्वास निवासी ग्राम सिलफिली के पास बिक्री करने हेतु 6,00,000/-रूपये (छः लाख रूपये) में विक्री करने हेतु तय हुआ है। जिसमें से सम्पूर्ण राशि अग्रिम प्राप्त कर लिया गया है। आवेदित भूमि पुर्नवास विभाग से पट्टे पर प्राप्त भूमि है उक्त भूमि को विक्रय करने हेतु अनुमति बावत आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय सूरजपुर के समक्ष प्रस्तुत करने से जांच कार्यवाही पूर्ण कर जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसमें कार्यवाही किया जा रहा है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 26/02/2024 को उपस्थित हो कर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। इस तिथि के बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

(सील)

तहसीलदार
लटोरी, जिला-सूरजपुर छ.ग.

**न्यायालय तहसीलदार लटोरी जिला सूरजपुर (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0 202401262100038/अ-21/2023-24

सर्व साधारण ग्रामवासी निवासी ग्राम गणेशपुर तहसील लटोरी को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कृष्ण देव आ0 उचित लाल देव जाति वैश्य निवासी ग्राम गणेशपुर तहसील लटोरी जिला सूरजपुर छ0ग0 द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम गणेशपुर तहसील लटोरी स्थित भूमि खसरा नंबर 350/1 रकबा 1.05 हे0 भूमि को अनावेदक क्रेता श्रीमती अंजनी तिवारी पति सौरभ तिवारी निवासी ग्राम सिलफिली के पक्ष में विक्रय करने हेतु 5,00,000/- रूपये में सौदा तय हुआ है, जिसमें 4,00,000/- रूप्ये अग्रिम राशि प्राप्त कर लिया गया है। उक्त भूमि शासन से पट्टे पर प्राप्त भूमि है। उक्त भूमि को विक्रय करने हेतु अनुमति बावत आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय सूरजपुर को प्रस्तुत की है जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसमें कार्यवाही किया जा रहा है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 26/02/2024 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। इस तिथि के बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

(सील)

तहसीलदार
लटोरी, जिला-सूरजपुर छ.ग.

# भारत की बेटियों ने बैडमिंटन चैम्पियनशिप में रचा इतिहास

## बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में भारत को मिला गोल्ड

» महिला टीम ने पहली बार खिताब जीता

» फाइनल में थाईलैंड को 3-2 से हराया

**मलेशिया, 18 फरवरी 2024।** भारत की बेटियों ने इतिहास रच दिया है। भारतीय महिला टीम ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। युवा अनमोल खरब ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन कर टीम इंडिया की जीत में अहम भूमिका निभाई। रोमांचक फाइनल में भारत ने थाईलैंड को 3-2 से हराकर अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। पीवी सिंधू के नेतृत्व में भारतीय महिला टीम के युवा और तेजतर्रार समूह ने थाईलैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया और दो बार की कांस्य पदक विजेता थाईलैंड के खिलाफ जीत हासिल की।

प्रतियोगिता में ज्यादातर टीमों की तरह, थाईलैंड पूरी ताकत के साथ नहीं खेल रहा था। वे अपने शीर्ष दो एकल खिलाड़ियों - विश्व नंबर 13 रतचानोक इंतानोन और विश्व नंबर 16 पोर्नपावी चोचुवोंग के बिना थे। चार महीने बाद एक्शन में लौटीं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने पहले मैच में दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी सुपनिडा काटेथोंग को 21-12, 21-12 से हरा दिया। उन्होंने पहला एकल मुकाबला जीतकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी।

विश्व नंबर 23 त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने इसके बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और दुनिया की नंबर 10 जोड़ी के खिलाफ चौंका देने वाला प्रदर्शन किया। जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविंडा प्रा जोंगजई की जोड़ी को त्रिशा-गायत्री की जोड़ी ने 21-16, 18-21, 21-16 से हराया और भारत को ड्राइवर सीट पर बैठा दिया। विश्व नंबर 18 खिलाड़ी बुसानन ओंगबामरुंगफान के खिलाफ अपना दूसरा एकल मुकाबला खेल रहीं अश्मिता चलिहा से काफी उम्मीदें थीं। शनिवार को अश्मिता ने पूर्व विश्व चैंपियन जापान की नोजोमी ओकुहारा के खिलाफ शानदार जीत हासिल की थी।

अश्मिता ने 2022 में सिंगापुर ओपन के दौरान बुसानन को हराया था। वह दूसरे गेम में 14-14 तक मैच में बनी रहीं, लेकिन उसके बाद अप्रत्याशित गलतियां अश्मिता को महंगी पड़ीं और वह अनुभवी थाई खिलाड़ी से 11-21 14-21 से हार गईं।



युवा श्रुति मिश्रा और सीनियर राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया कोन्जेंगबाम के लिए बेन्यापा ऐम्साई और नुनटाकर्न ऐम्साई की दुनिया की 13वें नंबर की जोड़ी को हराना एक कठिन काम होने वाला था और दुनिया की 107वें नंबर की भारतीय जोड़ी उम्मीद के मुताबिक 29 मिनट तक तले मुकाबले में 11-21, 9-21 से हार गई।

मुकाबला 2-2 से बराबरी पर था और ऐसे में एक बार फिर से पूरी जिम्मेदारी अनमोल खरब पर थी। उन्होंने फिर से भारत को जीत दिलाने की जिम्मेदारी उठाई और उन्होंने निर्णायक तीसरे एकल में दुनिया की 45वें नंबर की खिलाड़ी पोर्नपिचा चोइकीवोंग पर 21-14, 21-9 की शानदार जीत हासिल की और भारत को चैंपियन बनाया। जीत के तुरंत बाद पूरी टीम अनमोल को उठाने के लिए दौड़ पड़ी और सेतिया सिटी कन्वेंशन सेंटर में जीत का शानदार जश्न मनाया। भारत ने इससे पहेल बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में दो पदक जीते थे और दोनों ही पदक पुरुष टीम के नाम पर थे। भारतीय पुरुष टीम ने 2016 और 2020 संस्करणों में कांस्य पदक जीते थे। हालांकि, इस साल पुरुष टीम को क्वार्टर फाइनल में ही हार का सामना करना पड़ा था।

### ऐसे चला फाइनल मुकाबला

➡ पहले मुकाबले में पीवी सिंधु ने सुपानिडा काटेथोंग को 21-12, 21-12 से हराया। स्कोर 1-0 हो गया।

➡ त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविंडा प्राजोंगजई (डबल्स) के खिलाफ 21-16, 18-21, 21-16 से जीत दर्ज की। स्कोर 2-0 हो गया।

➡ अस्मिता चालिहा को बुसानन ओंगबामरुंगफान ने 11-21, 14-21 से हराया। स्कोर 2-1 हो गया।

➡ प्रिया और श्रुति की जोड़ी को बेन्यापा ऐम्साई और नुनताकर्ण ऐम्साई (डबल्स) के खिलाफ 11-21, 9-21 से हार का सामना करना पड़ा। स्कोर 2-2 हो गया।

➡ 17 साल की अनमोल खरब ने चोईकीवोंग पोर्नपिचा को 21-14, 21-9 से हराते हुए भारत को 3-2 की खिताबी जीत दिला दी।

### सेमीफाइनल में जापान को 3-2 से हराया था

चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में शनिवार को भारत ने दो बार की चैंपियन जापान को 3-2 से हराया था। प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल में थाईलैंड ने इंडोनेशिया को 3-1 से मात दी।

### क्वॉर्टर फाइनल में हॉन्गकॉन्ग को 3-0 से हराया था

भारतीय विमेंस टीम ने क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को हांगकांग को 3-0 से हराया था। टीम ने पहली बार टॉप-4 में प्रवेश किया। इसी के साथ महिला टीम ने पहली बार टूर्नामेंट में मेडल पक्का कर लिया। अब भारत का मुकाबला जापान से होगा। टॉप सीड चीन को हराकर ग्रूप स्टेज में टॉप पर रहने के बाद भारत ने पीवी सिंधु, अस्मिता चालिहा और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो की डबल्स जोड़ी की जीत के दम पर हॉन्गकॉन्ग को हराया।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### तुर्की महिला फुटबॉल कप के लिए 23 सदस्यीय टीम घोषित

**नयी दिल्ली, 18 फरवरी 2024।** भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने 21 से 27 फरवरी तक अलान्या में होने वाले तुर्की महिला कप 2024 के लिए रविवार को 23 सदस्यीय महिला सीनियर टीम की घोषणा की।



भारतीय टीम सोमवार को तुर्की रवाना होगी। इससे पहले भारत ने 2019 और 2021 में इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। भारत चार देशों के इस टूर्नामेंट में अपना पहला मैच 21 फरवरी को एस्तोनिया के खिलाफ खेलेगा। राउंड रोबिन आधार पर होने वाले टूर्नामेंट में भारत इसके बाद 24 फरवरी को हांगकांग और 27 फरवरी को कोसोवा से भिड़ेगा। तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम चैंपियन बनेगी। भारतीय टीम इस प्रकार है गोलकीपर: श्रेया हुडा, इलांगबाम पंथोई चानू, मोनालिसा देवी मोइरांगथेम डिफेंडर: आशालता देवी लोइटोंगबीएम, रंजना चानू सोरोखैबम, डालिमा छिब्बर, जूली किशन, अस्तम ओरांव, शिल्की देवी हेमम। मिडफील्डर: अंजू तमांग, संगीता बासफोर, कार्तिका अंगमुथु, मनीषा, काजोल डिसूजा, इंदुमथी कथिरेसन। फॉरवर्ड: ग्रेस डांगमेई, सौम्या गुगलोथ, करिश्मा पुरूषोत्तम शिरवोइकर, संध्या रंगनाथन, संजू, प्यारी ज़ाक्सा, काव्या पक्किरसामी, ज्योति। मुख्य कोच: लैंगम चाओबा देवी।

### ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों ने 165 किमी तैराकर बनाया नया विश्व रिकॉर्ड

**चेन्नई, 18 फरवरी 2024।** ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एएसडी) से पीड़ित बच्चों के एक समूह ने कुड्डालोर से चेन्नई तक 165 किलोमीटर तैराकी करके नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। नौ से 19 वर्ष के 14 बच्चों ने गजब की प्रतिबद्धता दिखाई और तमिलनाडु के तटीय क्षेत्र में तैराकी करके इतिहास रचा। इस समुद्री तैराकी अभियान का आयोजन रिले प्रारूप में किया गया था। इस दौरान उनके ट्रेनर नाव में सवार थे।



'यादवी स्पोर्ट्स एकेडमी फॉर स्पेशल नीड्स' के संस्थापक और मुख्य कोच सतीश शिवकुमार ने कहा कि इसतरह से इन बच्चों ने 'विश्व रिकॉर्ड' बनाया। उन्होंने कहा, ''मुझे इन बच्चों की प्रतिबद्धता और जज्बे पर गर्व है। ऑटिज्म से पीड़ित इन 14 बच्चों का समुद्री तैराकी अभियान एक उपलब्धि से भी बढ़कर है।'' ऑटिज्म एक न्यूरोलॉजिकल विकार है जो पीड़ित का दूसरों के साथ संपर्क को प्रभावित करता है।

## सचिन बेबी ने इस सीजन में लगाया अपना चौथा शतक, बनाए ये रिकॉर्ड्स

**नयी दिल्ली, 18 फरवरी 2024।** रणजी ट्रॉफी 2023-24 में केरल क्रिकेट टीम के कप्तान सचिन बेबी ने आंध्र प्रदेश क्रिकेट टीम के खिलाफ 113 रन की पारी खेली। ये उनके मौजूदा सीजन का चौथा शतक रहा।इस बीच उन्होंने अक्षय चंद्रन के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 181 रन की साझेदारी भी की।उनकी पारी की मदद से केरल ने अपनी पहली पारी में 300 से अधिक रन बनाते हुए बढ़त हासिल की है।केरल ने जब 94 रन के स्कोर पर अपना दूसरा विकेट खोया था, तब बेबी बल्लेबाजी के लिए आए।उन्होंने अपने प्रथम श्रेणी करियर का 14वां शतक लगाया। वह केरल की ओर से प्रथम श्रेणी करियर में सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने हैं। उन्होंने इस मामले में रोहन प्रेम (13 शतक) को पीछे छोड़ा है।वह 219 गेंदों पर 113 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी इस शतकीय पारी में 15 चौके लगाए।बेबी ने असम के खिलाफ 131 रन बनाए थे। इसके बाद उन्होंने



बिहार क्रिकेट टीम और बंगाल के विरुद्ध भी शतक लगाए थे।केरल के कप्तान ने इस सीजन में 7 मैचों की 12 पारियों में 91.33 की औसत से 822 रन बनाए हैं।इस बीच उन्होंने 131 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 4 शतक लगाए। वह मौजूदा सीजन में 4 अर्धशतक भी लगा चुके हैं।फिलहाल उनसे ज्यादा रन सिर्फ आंध्र प्रदेश के रिकी भुई ने बनाए हैं।

बेबी ने 2009 के रणजी ट्रॉफी सीजन के जरिए अपने प्रथम श्रेणी करियर की शुरुआत की थी।उन्होंने अब तक 90 मैच खेले हैं, जिसमें लगभग 40 की औसत से 5,231 रन बनाए हैं। इस बीच वह 14 शतक के अलावा 24 अर्धशतक लगाए हैं। इस प्रारूप में उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 250 रन रहा है।उन्होंने रणजी ट्रॉफी के पिछले सीजन में 83 की औसत के साथ 830 रन बनाए थे।

बेबी के शतक की मदद से केरल ने अपनी पहली पारी में तीसरे दिन के भोजनकाल की घोषणा तक 339/4 का स्कोर बनाया है। केरल ने 67 रन की बढ़त बना ली है।बता दें कि इससे पहले आंध्र प्रदेश क्रिकेट टीम ने अपनी पहली पारी में भुई के अर्धशतक (87*) सभी विकेट खोकर 272 रन बनाए थे।आंध्र प्रदेश के अनुभवी बल्लेबाज हनुमा विहारी 24 रन ही बना पाए थे।

## लिवरपूल और आर्सेनल की बड़ी जीत

### मैनचेस्टर सिटी नीचे खिसका



**बर्मिंघम,, 18 फरवरी 2024।** लिवरपूल और आर्सेनल ने बड़ी जीत दर्ज करके इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में खिताबी दौड़ को रोचक बना दिया, जबकि मैनचेस्टर सिटी अपना मैच ड्रॉ खेलने के कारण नीचे खिसक गया। शीर्ष पर काबिज लिवरपूल ने ब्रेंटफ़ोर्ड में 4-1 से और आर्सेनल ने बर्नले को 5-0 से हराया जबकि मैनचेस्टर सिटी ने चेल्सी के साथ मैच 1-1 से ड्रॉ खेला। प्रीमियर लीग में अभी काफी फुटबॉल खेली जानी है और मैनचेस्टर सिटी को एक अतिरिक्त मैच खेलना है, लेकिन मौजूदा चैंपियन टीम का प्रतियोगिता के इस चरण में नीचे खिसकना महत्वपूर्ण मोड़ हो सकता है। मैनचेस्टर सिटी के पूर्व खिलाड़ी राहीम स्टर्लिंग ने पहले हाफ में गोल करके चेल्सी को बढ़त दिलाई। मैनचेस्टर सिटी की तरफ से रोड्री ने 83वें मिनट में बराबरी का गोल किया। लिवरपूल के 25 मैच में 57 जबकि आर्सेनल के इतने ही मैच में 55 अंक हैं। मैनचेस्टर सिटी 24 मैच में 53 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है।

## यशस्वी बने भारत के सिक्सर किंग

**राजकोट, 18 फरवरी 2024।** यशस्वी जायसवाल ने बतौर भारतीय खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट की एक पारी में सबसे ज़्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उन्होंने नवजोत सिंह सिद्धू और मयंक अग्रवाल को पछाड़ दिया। जायसवाल ने एक पारी में 10 छक्के पूरे कर लिए हैं। जबकि, नवजोत सिंह सिद्धू और मयंक अग्रवाल के नाम 8-8 छक्के लगाने का रिकॉर्ड था।



सिद्धू ने 1994 में श्रीलंका के खिलाफ लखनऊ में खेले गए मुकाबले में 8 छक्के जड़े थे। इसके बाद मयंक अग्रवाल ने 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ इंदौर में खेले गए टेस्ट की एक पारी में बैटिंग करते हुए 8 छक्के लगाए थे।

इंग्लैंड के खिलाफ खेली जा रही टेस्ट सीरीज़ में जायसवाल का बल्ला जमकर बोल रहा है। सीरीज़ में जायसवाल ने 20 छक्के पूरे कर लिए हैं, जिसके साथ वो टेस्ट सीरीज़ में सबसे ज़्यादा छक्के लगाने वाले बैटर बन गए।

इससे पहले विशाखापटनम में खेले गए दूसरे टेस्ट में जायसवाल ने 209 रनों की शानदार पारी खेली थी। मुकाबले में भारत की पहली पारी के दौरान जायसवाल के बैट से ये शानदार पारी निकली थी।वहीं हैदराबाद में खेले गए सीरीज़ के पहले टेस्ट में भी जायसवाल ने शानदार फॉर्म का मुज़ाहिरा पेश किया था, जहां भारतीय ओपनर ने पहली पारी में 80 रन बनाए थे. हालांकि दूसरी पारी में वो सिर्फ 15 रन ही स्कोर कर सके थे।

## न्यूजीलैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया: टी-20 सीरीज 21 फरवरी 2024 को

**नईदिल्ली, 18 फरवरी 2024।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच 3 मैच की टी-20 सीरीज का आगाज 21 फरवरी से होने जा रहा है। इस सीरीज में कई स्टार खिलाड़ियों की टीम में वापसी हो रही है।मिचेल मार्श के नेतृत्व में कंगारू टीम उम्दा प्रदर्शन करना चाहेगी, जबकि कीवी टीम मिचेल सेंटनर की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया टीम को कड़ी चुनौती देना चाहेगी।आइए इस टी-20 सीरीज से जुड़ी सभी अहम जानकारी पर एक नजर डालते हैं।

ऑस्ट्रेलिय की टीम में पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, ट्रैविस हेड और स्टीव स्मिथ की वापसी हुई है। ये खिलाड़ी हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 सीरीज में टीम का हिस्सा नहीं थे।चोटिल मार्कस स्टोइनिस सीरीज से बाहर हो गए हैं।न्यूजीलैंड दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया की टी-20 टीम: मिचेल मार्श (कप्तान), पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, मैट



शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर और एडम जैम्पा।

मैट हेनरी और टिम सीफर्ट टी-20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह विल यंग और बेन सियर्स को टीम में चुना गया है।केन विलियमसन सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे।ऐसी है न्यूजीलैंड की टीम: मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट (दूसरे और तीसरे मैच के लिए), मार्क चैपमैन, जोश क्लार्कसन, डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), लॉकी फर्ग्यूसन, एडम मिल्ने, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, बेन सियर्स, ईश सोढ़ी, टिम साउदी (पहले मुकाबले के लिए) और विल यंग।

न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टी-20 मुकाबला 21 फरवरी को खेला जाएगा। यह मैच वेलिंग्टन में खेला जाएगा। भारतीय समयानुसार इसे सुबह 11:40 बजे से देखा जा सकता है।दूसरा टी-20 मैच 23 फरवरी को ईडन पार्क स्टेडियम ऑकलैंड में खेला जाएगा। इस मुकाबले को भारतीय समयानुसार दोपहर 12:40 बजे से देखा जा सकता है।तीसरा मुकाबला भी ईडन पार्कर में ही खेला जाएगा। यह मुकाबला सुबह 6:30 बजे शुरू होगा।

## अपने ही कॉलेज में चीफ गेस्ट बनकर पहुंची एक्ट्रेस ऐश्वर्या सखूजा



हिंदू कॉलेज के 125 वें स्थापना दिवस पर एक्ट्रेस ऐश्वर्या सखूजा एक विशेष अतिथि तौर पर पहुंची। उन्होंने कॉलेज की अपनी खूबसूरत यादों को याद किया। सास बिना ससुराल, मैं ना भूलूंगी में अपने काम के लिए मशहूर ऐश्वर्या ने अपने इंस्टाग्राम पर हिंदू कॉलेज की अपनी यात्रा की कई तस्वीरें शेयर की। तस्वीरों में, ऐश्वर्या को नीली साड़ी पहने और फिल्म निर्माता इम्तियाज अली, अभिनेता टिस्का चोपड़ा, राजेश कुमार और क्रांति प्रकाश झा जैसे पूर्व छात्रों के साथ पोज देते हुए देखा जा सकता है। एक्ट्रेस ने एक दिल छू लेने वाला नोट लिखा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह दिन आएगा। अपने स्वयं के अनुभवों को लेकर एक अतिथि के रूप में अपने कॉलेज में वापस जाना वास्तव में अभिभूत करने वाला है। उन्होंने लिखा, मेरे अतीत, वर्तमान और भविष्य को आकार देने के लिए हिंदू कॉलेज को धन्यवाद। हिंदू कॉलेज की यह शाम मुझे हमेशा याद रहेगी। ऐश्वर्या और राजेश ने सिटकॉम साराभाई वर्सेज साराभाई टेक 2 में स्क्रीन स्पेस शेयर किया है। उन्होंने रोसेश साराभाई (राजेश द्वारा अभिनीत) की बहन सोनिया की भूमिका निभाई। वह स्टंट रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 7 और त्रिदेवियां का हिस्सा रही हैं। वह पिछली बार शो जुनूनियत में नजर आई थीं, इसमें उन्होंने डॉ. परी आहूजा की भूमिका निभाई थी।अपने ही कॉलेज में चीफ गेस्ट बनकर पहुंची एक्ट्रेस ऐश्वर्या सखूजा।

## गोवा में रकुल-जैकी की शादी में शामिल होंगे ये सितारे

बी-टाउन जोड़ी रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी 21 फरवरी को गोवा में शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं, लेकिन ऐसा लग रहा है कि बॉलीवुड के सबसे नए लवबर्ड्स, अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर एक साथ शादी में शामिल होते नजर आएंगे।रिपोर्ट्स के मुताबिक, अनन्या और आदित्य जल्द ही शादी करने वाले जोड़े के कई करीबी दोस्तों में से हैं, जो शादी में शामिल होने के लिए गोवा जाएंगे। अनन्या और आदित्य दोनों अभी भी शहर में हैं, लेकिन उनके रविवार शाम या सोमवार सुबह तक गोवा के लिए रवाना होने की उम्मीद है क्योंकि शादी से पहले के समारोह 19 फरवरी से शुरू होने वाले हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि सिर्फ अनन्या और आदित्य ही नहीं, बल्कि कई अन्य ए-लिस्टर्स के भी बुधवार को गोवा में शादी में शामिल होने की उम्मीद है।पहले यह बताया



गया था कि रकुल और जैकी ने पहले विदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग की योजना बनाई थी, हालांकि, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नागरिकों से आग्रह किया गया था कि वे अपनी शादियों के लिए विदेश यात्रा न करें और इसके बजाय इसे बढ़ावा देने के लिए भारत में ही शादी करें। वैश्विक स्तर पर देश की सुंदरता और समृद्धि। रकुल और जैकी की शादी से पहले का उत्सव इस सप्ताह की शुरुआत में मुंबई में ही शुरू हुआ और शनिवार को, जोड़े को अपने नए जीवन के लिए भगवान गणेश का आशीर्वाद लेने के लिए मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में देखा गया।रिपोर्ट्स के मुताबिक, रकुल और जैकी की हल्दी, मेहंदी और संगीत समारोह 19 और 20 फरवरी को गोवा में होंगे, इसके बाद 21 फरवरी को उनकी शादी होगी।

## सान्या मल्होत्रा ने दंगल गर्ल सुहानी के निधन पर जताया शोक

एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा ने रविवार को सुहानी भटनागर के निधन पर शोक जताया है जिन्होंने 2016 में आमिर खान स्टारर फिल्म दंगल में पहलवान बबीता फोगाट के बचपन के किरदार को जीवंत किया था। एक्ट्रेस सान्या ने सुहानी के निधन पर शोक जताया और उनके पूरे परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की। फिल्म दंगल हरियाणा की बहनों गीता और बबीता फोगट की कहानी बताती है, जो अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाली और पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला पहलवान बनीं। नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी



फिल्म दंगल से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने वाली सान्या ने बबीता कुमारी के वयस्क वर्जन को चित्रित किया था। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि यह खबर सच है। हमारी सुहानी जैसा कोई नहीं था। वह इतनी खास, इतनी प्रतिभाशाली और इतनी छोटी थी। वह इतनी जल्दी हमें छोड़कर चली गई। भगवान छोटू की आत्मा को शांति दे। पूजा, पुनीत और पूरे परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। फिल्म दंगल में आमिर खान ने उनके पिता महावीर सिंह फोगट की भूमिका निभाई थी।

## रामलला के मंदिर में हेमा मालिनी ने भरतनाट्यम कर जीता दर्शकों का दिल



राम मंदिर में हेमा मालिनी राग सेवा नृत्य प्रस्तुति बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री हेमा मालिनी आज भी अपनी खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं। हेमा ने अपनी गतिविधियों और राजनीति में विशेष छाप छोड़ी। हेमा को आज भी डांस करना पसंद ह जब भी उन्हें डांस करने का मौका मिलता है तो वह इसे छोड़ती नहीं हैं। ऐसे में हेमा मालिनी ने अयोध्या के राम मंदिर में राग सेवा की। इस समय सोशल मीडिया पर हेमा का राग सेवा करते हुए एक वीडियो चर्चा में है। इस वीडियो में हेमा का डांस देख फैंस उनकी तारीफ करते नहीं रुक रहे हैं। हेमा मालिनी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर राग सेवा की परफॉर्मेंस का एक वीडियो शेयर किया है. इस वीडियो में हेमा मालिनी अयोध्या के राम मंदिर में भरतनाट्यम करती नजर आ रही हैं। हेमा के हर डांस स्टेप पर फैंस की नजरें नहीं हट रही हैं। हेमा मालिनी इस समय नीली सिल्क साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। हेमा ने इस साड़ी के साथ सोने की टेम्पल ज्वेलरी पहनी थी लेकिन बालों में फूलों की माला लगाई हुई थी। हेमा का पूरा लुक बेहद खूबसूरत लग रहा है।हेमा मालिनी का यह डांस वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। वीडियो पर कमेंट कर रहे फैंस हेमा के लुक्स और डांस की तारीफ करते नहीं रुक रहे हैं। जवाब में एक यूजर ने कमेंट किया, कृपया अपने प्रदर्शन के बारे में कुछ न कहें। यह बहुत अच्छा लगता है।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस नेताओं के पास आ रहे बीजेपी का ऑफर फोन



**रायपुर, 18 फरवरी 2024(ए)।** पीसीसी चीफ दीपक बैज ने दावा किया है कि छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेताओं को भाजपा में शामिल होने के लिए फोन आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, मंत्रियों का फोन कांग्रेस नेताओं को आ रहा है और भाजपा में शामिल होने के लिए न्योता दिया जा रहा है। उन्होंने ये भी दावा किया है कि भाजपा नेता पैसे और पद के साथ-साथ एडवांस में लिखकर देने को तैयार हैं। ऐसे सियासी हालात में इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि लोकसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को बड़ा झटका लग सकता है।

### नक्सलियों ने की दरभा कैम्प के कमांडर की हत्या



**बीजापुर, 18 फरवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ की सरकार नक्सलियों को वापस मुख्यधारा में लाने के लिए कृतसंकल्प है। सरकार तरह-तरह से विकास कार्य के अलावा नक्सलियों को हथियार छोड़ मुख्यधारा में लाने की कोशिश कर रही है। इसी कड़ी में बीते दिन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा था कि राज्य सरकार नक्सल प्रभावित गांवों तक बुनियादी सुविधाएं और कल्याणकारी परियोजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए आपका अच्छा गांव योजना शुरू करेगी। शांति वार्ता की चर्चा के बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। नक्सलियों ने सीएएफ के कंपनी कमांडर की निर्मम हत्या कर दी।

# पीएम श्री योजना का शुभारंभ आज



» **छत्तीसगढ़ के 211 स्कूल होंगे अपडेट,**

» **धर्मेंद्र प्रधान होंगे मुख्य अतिथि**

**रायपुर, 18 फरवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया पीएम श्री योजना का शुभारंभ 19 फरवरी को केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान करेंगे। अध्यक्षता प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल भी शामिल होंगे।कार्यक्रम का आयोजन शाम 5.30 बजे रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में होगा।

केंद्र सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत देश भर के 14,500 सरकारी स्कूलों को पीएम श्री योजना में अपग्रेड करने जा रही है। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 211 स्कूलों को पहले चरण के लिए चुना गया है। इसमें एलीमेन्ट्री स्तर पर 193 और सेकेंडरी स्तर पर 18 स्कूल शामिल हैं। अब इन स्कूलों को भी अपडेट किया जाएगा।

### क्या होगा खास

#### आईसीटी, डिजिटल क्लास रूम्स भी

विद्यार्थियों को इन स्कूलों में आईसीटी और डिजिटल क्लास रूम भी मिलेगा, ताकि उनके शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाया जा सके। इन स्कूलों के विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा और स्थानीय उद्योगों के साथ इंटर्नशिप और उद्यमिता के अवसरों से जोड़ा जाएगा।

#### पीएमश्री स्कूल बनेंगे स्मार्ट

पीएमश्री स्कूल अब स्मार्ट स्कूल बनेंगे। इनमें नई शिक्षा नीति के तहत सीखने पर ज्यादा फोकस किया जाएगा। 75 प्रतिशत केंद्र और 25 प्रतिशत राज्य सरकार के मापदंड पर स्कूल संचालित होंगे। पीएम श्री स्कूलों में स्मार्ट क्लास रूम, खेल सुविधाएं और आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर होगा।

#### पढ़ने-पढ़ाने के लिए लेटेस्ट टेक्नोलॉजी

कम्प्यूटर लैब, लैबोरेटरी, लाइब्रेरी और अन्य जगहों पर भी पढ़ने-पढ़ाने के लिए लेटेस्ट टेक्नोलॉजी होगी। ये स्कूल पूरी तरह से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुरूप होंगे। चयनित स्कूल मॉडल स्कूल बनेंगे। पर्यावरण के अनुकूल जरूरी काम होंगे।
प्राइमरी के बाद क्रमबद्ध तरीके से मिडिल हाई स्कूल और हायर सेकंडरी स्कूलों को भी पीएमश्री मॉडल स्कूलों में शामिल करने की तैयारी है। इसमें स्मार्ट क्लास रूम, प्ले ग्राउंड, कम्प्यूटर, लाइब्रेरी के लिए केन्द्र सरकार स्कूल के वर्क प्लान के अनुसार बजट यानी पैसा मिलेगा।

# अनिल राय होंगे नए पीसीसीएफ

**रायपुर, 18 फरवरी 2024(ए)।** वन विभाग के मुखिया के पद पर एक बार फिर सीनियर अफसरों को सुपरसीड करने की तैयारी चल रही है। 1990 बैच के भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के अफसर अनिल कुमार राय विभाग के 16वें रेगुलर वन बल प्रमुख और पीसीसीएफ हो सकते हैं। सरकार उन्हें विभागीय मुखिया बनाने की तैयारी कर रही है। अनिल राय को पीसीसीएफ बनाए जाने की फाइल भी चल गई है। अनिल राय छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ नवा रायपुर के एमडी हैं। अभी 1990 बैच के ही डॉ. वी श्रीनिवास राव पीसीसीएफ हैं। पिछले साल मई में डॉ. राव को भूपेश बघेल सरकार ने प्रभारी पीसीसीएफ और वन बल प्रमुख की जिम्मेदारी दी थी। 31 जुलाई 2023 को उन्हें नियमित पीसीसीएफ का आदेश निकला था। विभाग में वर्तमान में अनिल राय से भी सीनियर तीन अफसर है। 1988 बैच के सुधीर अग्रवाल, 1989 बैच के तपेश झा और संजय के ओझा, 1990 बैच के ही अनिल कुमार साहू भी वन बल प्रमुख बनने की राह देख रहे हैं। लेकिन सरकार ने अनिल राय को प्रमुखता दी है। जल्द ही इसका आदेश भी निकाला जा सकता है।



पिछले साल ही अनिल राय सहित इन सारे अफसरों का एपीसीसीएफ से पीसीसीएफ के रैंक में प्रमोशन हुआ था। इसके बाद सभी विभाग के अलग-अलग विंग की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।सबसे खास बात यह है कि अनिल राय का रिटायरमेंट मई 2024 में ही है। ऐसे में रिटायरमेंट से तीन महीने पहले उन्हें विभाग प्रमुख बनाने की तैयारी है। अगर वे पीसीसीएफ बनाए जाते हैं तो मई में कार्यकाल बढ़ाने की फाइल केंद्र सरकार और संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को भेजी जाएगी। रिटायरमेंट से पहले आदेश मिल गया तो उन्हें कंटीन्यू किया जाएगा। अगर आदेश नहीं आता तो अन्य अफसरों को मौका मिल सकता है।

# नक्सली सरकार से कुछ शर्तों पर वार्ता के लिए तैयार हुए

» **छत्तीसगढ़ की नवगठित विष्णुदेव साय सरकार में डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा के वार्ता प्रस्ताव पर नक्सलियों की तरफ से जवाब आया है**

» **नक्सलियों की दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता विकल्प ने बयान जारी कर वार्ता प्रस्ताव पर अपने संगठन का पक्ष रखा है।**

**रायपुर, 18 फरवरी 2024(ए)।** हथियार के दम पर सत्ता परिवर्तन की नीति पर चलने वाले नक्सली (माओवादी) क्या शांति वार्ता को राजी होगें। प्रदेश के डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा की तरफ से वार्ता प्रस्ताव दिए जाने के बाद से यह सवाल लगातार उठ रहा था। गृह मंत्री शर्मा ने मीडिया से चर्चा के दौरान नक्सलियों के सामने बातचीत का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कहा था कि मोबाइल पर वीडियो कॉल के जरिये भी वे बातचीत के लिए राजी हैं। इस प्रस्ताव पर नक्सलियों की तरफ से जवाब का इंतजार किया जा रहा था, जो अब आ गया है। नक्सलियों की तरफ से वार्ता प्रस्ताव का दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता विकल्प ने जवाब भेजा है। बता दें कि नक्सलियों की यही कमेटी बस्तर संभाग में सक्रिय है।नक्सली प्रवक्ता विकल्प की तरफ से एक लिखित बयान जारी किया गया है। 8 फरवरी को जारी इस बयान में विकल्प ने वार्ता के लिए सरकार के सामने कुछ शर्तें रखी है। कहा है कि हमारी पार्टी के साथ वार्ता के प्रति यदि सरकार ईमानदार है तो वह न्यूनतम बातों पर तो पहले अमल करे। फिर हम सीधी वार्ता या वर्चुअल / मोबाइल वार्ता के लिए आगे आएंगे। बातचीत का विधि-विधान, एजेंडा और मुद्दे अलग से तय किए जा सकते हैं। इसलिए हमारी पार्टी जनपक्षधर पत्रकारों, नागरिक समाज, प्रगतिशील-जनवादी बुद्धिजीवियों, नागरिक / मानवाधिकार संगठनों से अपील करती है कि वे जनता पर जारी सरकारी दमनचक्र के खिलाफ आवाज बुलंद करें, ऑपरेशन कगार को बंद करने, वार्ता के लिए अनुकूल माहौल बनाने की दिशा में जरूरी कदम उठाने सरकारों पर दबाव डालें।



# पंचतत्व में विलीन हुए आचार्य विद्यासागर

**रायपुर, 18 फरवरी 2024(ए)।** संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज 17 फरवरी, शनिवार रात में 2.30 बजे ब्रह्म में लीन हुए। वे पिछले कई दिनों से अस्वस्थ थे। पूरी जागृत अवस्था में 3 दिन के उपवास के बाद समाधि हुई। समग्र जैन समाज में शोक की लहर छा गई। छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी तीर्थ पर उन्होंने अंतिम सांस ली, 18 फरवरी, रविवार दोपहर को डोला यहीं से निकाला जाएगा और पंचतत्व में विलीन किया जाएगा। 6 फरवरी को निर्यापक श्रमण मुनि योग सागर से चर्चा करते हुए उन्होंने संघ संबंधी सभी कार्यों से निवृत्ति ले ली और आचार्य पद का त्याग कर दिया था। उन्होंने आचार्य पद के योग्य प्रथम मुनि शिष्य निर्यापक श्रमण मुनि समय सागर महाराज को योग्य समझा और तभी उन्हें आचार्य पद दिया जावें ऐसी घोषणा कर दी थी, जिसकी विधिवत जानकारी आज दी जाएगी। समाधि के समय उनके पास पूज्य मुनि योग सागर, समता सागर, प्रसाद सागर महाराज संघ सहित उपस्थित थे। रात को सूचना मिलते ही आचार्य श्री के हजारों शिष्य डोंगरगढ़ के लिए रवाना हो गए थे।

आचार्य विद्यासागर महाराज का जन्म 10 अक्टूबर 1946 को कर्नाटक प्रांत के बेलगांव जिले के सदलगा गांव में हुआ था। उन्होंने 30 जून 1968 को राजस्थान के अजमेर नगर में आचार्य ज्ञान सागर महाराज से दीक्षा ली थी। आचार्य ज्ञान सागर महाराज ने उनकी कठोर तपस्या को देखते हुए उन्हें अपना आचार्य पद सौंपा था। आचार्य श्री का अधिकांश समय बुंदेलखंड में व्यतीत हुआ, वे वहां के जैन समाज की भक्ति और समर्पण से बहुत प्रभावित थे। आचार्य श्री ने लगभग 350 दीक्षाएं दी है, जिनमें शिक्षित युवाओं की संख्या अधिक है। संघस्त निर्यापक मुनि समता सागर महाराज ने कहा कि यह धर्म संकट की घड़ी है पूरे विश्व को अपूरणीय क्षति हुई है एक कालखंड थम गया है हर आंख में आंसू है, देह का वियोग हुआ है। गुरुवर आज भी हमारे बीच मौजूद हैं। दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी एवं प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि इस सदी के महान संत देह से विदेह की यात्रा कर सिद्धत्व की ओर अग्रसर हुए, समग्र जैन समाज ने आचार्य श्री को अपनी विनयांजलि अर्पित की।



### जैन मुनि आचार्य विद्यासागर के निधन पर राज्य सरकार ने किया राजकीय शोक का ऐलान

राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहेंगे तथा मनोरंजन/सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं होगा
जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज के निधन पर राज्य सरकार ने राजकीय शोक का ऐलान किया है। आदेश में सरकार ने लिखा, जैन मुनि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी के देहावसान पर राज्य शासन एतद द्वारा प्रदेश में दिनांक 18 फरवरी 2024 को आधे दिवस का राजकीय शोक घोषित करता है।राजकीय शोक की अवधि में राज्य स्थित समस्त शासकीय भवनों एवं जहाँ पर नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराये जाते हैं, वहां पर राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहेंगे तथा शासकीय स्तर पर कोई मनोरंजन/सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं किया जावेगा।

# हाइवा और कार में भीषण टक्कर

**पटेवा, 18 फरवरी 2024(ए)।** महासमुंद जिले के पटेवा थाना क्षेत्र के चिरको पड़ाव के पास कार ओवरटेक करने के चक्कर में हाइवा से टकरा गई। जिससे पीछे चल रही दूसरी कार भी टकराकर सड़क से दूर जा पलटी। इस हादसे में दोनों कार में महिला-पुरुष और बच्चे सवार थे। जिसमें से 5 लोगों को चोटें आई है। जानकारी के मुताबिक, नेशनल हाईवे-53 पर रविवार सुबह साढ़े 8 बजे ओडिशा से रायपुर की ओर जा रही कार क्रमांक ओडी 17 जे 2084 चिरको पड़ाव के पास ओवरटेक करते समय सामने से आ रही हाइवा से जा टकराई। इसके ठीक पीछे चल रही दुर्ग पासिंग कार क्रमांक सीजी -07 सीएम 6844 भी कार से टकरा गई।
इसमें सवार लोग जगन्नाथ पुरी से दर्शन कर दुर्ग (भिलाई) लौट रहे थे। हादसे में लवकुश यादव (22 वर्ष), संतोष यादव (23 वर्ष), धीरज यादव (25 वर्ष) निवासी भिलाई, बापूनी रावत (22 वर्ष) और घश्याम साहू (63 वर्ष) निवासी ओडिशा को गंभीर चोट आई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची 112 की टीम ने 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को तुमगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा। जहां इनका इलाज जारी है। पटेवा थाना प्रभारी शशांक पुराणिक ने बताया कि, हादसे के बाद ड्राइवर हाइवा लेकर भाग गया है। जिसकी तलाश की जा रही है। फिलहाल मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।



# रामलला के दर्शन के लिऐ 1241 भक्तों का तीसरा जत्था रवाना

**बिलासपुर, 18 फरवरी 2024 (ए)।** अयोध्या में प्रभु श्री राम लला के दर्शन करने भक्तो में खासा उत्साह है ,इसे देखते हुए सरकार स्पेशल आस्था ट्रेन चला रही है । रविवार को जिले भर से तीसरा जत्था रवाना हुआ। बिलासपुर रेलवे स्टेशन में सुबह से ही आयोध्या जाने वाले यात्रियों के आने का दौरा शुरू हो गया।आयोध्या जा रहे राम भक्तो का स्वागत तिलक लगा कर किया गया, फूल सींच कर शुभकामनाएं दीं गई। पहचान के लिए सभी यात्रियों को आई कार्ड दिया गया हैं। सफल यात्रा को देखते हुए बिलासपुर में चाक चौबंद सुरक्षाव्यवस्था की गई। बड़ी संख्या में आर पी एफ की टीम तैनात रही, किसी को भी बिना जांच के प्लेटफार्म में जाने नहीं दिया गया।

# साधराम हत्याकांड मामले में पुलिस ने यूएपीए के तहत की कार्रवाई

### मुख्य आरोपी अयाज खान के आंतकवादी संलिप्तता के मिले सबूत

**कवर्धा, 18 फरवरी 2024(ए)।** साधराम हत्याकांड को लेकर कवर्धा में व्याप्त तनाव के बीच पुलिस ने मामले में गिरफ्तार 6 आरोपियों के खिलाफ यूएपीए एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक मुख्य आरोपी अयाज खान से जब्त मोबाइल व लेपटॉप में उसके आंतकवादी गतिविधियों में संलिप्तता के अहम सबूत मिले हैं।




### एसपी अभिषेक पल्लव ने किया खुलासा

इस मामले की पुष्टि एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने की। कवर्धा में 24 जनवरी को आरोपियों ने साधराम हत्याकांड की वारदात को अंजाम दिया था। साधराम हत्याकांड में गिरफ्तार 1 नाबालिग सहित 6 आरोपियों पर धारा 16 यूएपीए का मामला दर्ज किया गया है।
दिल दहला देने वाली यह वारदात सिटी कोतवाली थाना के लालपुर नर्सरी की है। मृतक साधराम यादव गौठान में चरवाहे का काम करता था। रोज की तरह 20 जनवरी शनिवार को भी साधराम काम पर गया हुआ था, लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचा। सुबह परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इस दौरान गांव के लोगों ने बताया कि सड़क किनारे साधराम का शव पड़ा है।इस सूचना के बाद परिजन और पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपियों ने युवक की हत्या गला रेतकर हत्या की थी। पुलिस ने घटना के कुछ ही समय में हत्या के आरोपी सुफियान, इदरीश खान, अयस खान, अयाज खान, महताब, शेख रफीक उर्फ रिंकू सहित एक नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया।इस मामले को लेकर विहिप, बजरंग दल और सर्व हिंदू समाज के लोगों ने पूरा जिला बंद कराकर विरोध प्रदर्शन किया। कातिलों को फांसी की सजा देने और एक करोड़ का मुआवजा, मृतक परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की गई।

### क्या है यूएपीए कानून?

यूएपीए का फुल फॉर्म अनलॉफुल एक्टीविटीज प्रीवेंशन एक्ट यानी गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम है। इस कानून का मुख्य उद्देश्य आतंकी गतिविधियों पर रोकथाम लगाना है। पुलिस और जांच एजेंसियां इस कानून के तहत ऐसे आतंकियों, अपराधियों और संदिग्धों को चिन्हित करती है, जो आतंकी गतिविधियों में शामिल होते हैं। बता दें कि यूएपीए कानून को साल 1967 में लाया गया था। तब से लेकर अब तक इसमें चार बार संशोधन किए जा चुके हैं। 2004, 2008, 2012 और 2019 में इस कानून में बदलाव किए गए।इस कानून के तहत कम से कम 5 साल और अधिकतम आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है। अगर आतंकी घटना में किसी की जान चली जाती है तो दोषी व्यक्ति को सजा-ए-मौत या फिर आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है।

# नक्सलियों के हेड क्वार्टर पर सुरक्षाबल ने किया कब्जा

**सुकमा, 18 फरवरी 2024 (ए)।** सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के हेड क्वार्टर पर कब्जा किया और पहली बार यहां तिरंगा फहराया, वहीं नक्सली कमांडर हिड़मा की मां से सुरक्षाबलों के अधिकारी मिले। इस दौरान नक्सली कमांडर हिड़मा की मां को तमाम बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने का आश्वासन दिया गया। बस्तर में नक्सलियों का हेडक्वार्टर कहे जाने वाले पूवर्ती गांव में जवान पहुंच गए हैं। यह गांव नक्सलियों के बटालियन चीफ रहे और वर्तमान में सेंट्रल कमेटी के सदस्य माड़वी हिड़मा का है।क्सलियों के हेडक्वार्टर 'पूवर्ती' में जब सुरक्षाबल की टीम पहुंची। यहां पहुंचते ही सीआरपीएफ डीआरजी, एसटीएफ और कोबरा ने संयुक्त कैंप स्थापित किया है। जवानों के पूवर्ती गांव में आते ही के सारे पुरूष और युवक गांव छोड़ जंगल में भाग गए हैं।सुरक्षाबलों ने सभी को गांव लौटने की अपील की है। गांव को चारों ओर से जवानों ने घेर रखा है और गांव ग्रामीणों को पुरी सुरक्षा देने का आश्वासन दिया है। इस दौरान एसपी किरण चव्हाण सीआरपीएफ कमांडेंट सारंग और कोबरा कमांडेंट उपेंद्र मौजूद रहे।




### बेहद शातिर और निर्दयी हिड़मा

माना जाता कि माड़वी हिड़मा वर्ष 2001 से नक्सलियों से जुड़कर काम कर रहा है। वह बेहद शातिर और निर्दयी है। वर्ष 2004 से वह 27 से अधिक हमलों का वह नेतृत्व कर चुका है. हिड़मा को अप्रैल 2017 के बुकार्पाल हमले का भी मास्टरमाइंड माना जाता है, जिसमें 24 लोग शहीद हुए थे। बताया जाता है कि वह हमेशा चार स्तरीय सुरक्षा घेरे में चलता है।

# पति ने डंडे से पीटकर पत्नी की हत्या की

**रायगढ़, 18 फरवरी 2024 (ए)।** थाना लैलूंगा क्षेत्र के ग्राम पाकरगांव में कल 17 जनवरी को अधेड़ महिला की उसके ही पति ने डंडे से मारपीट कर हत्या किया गया है । घटना की सूचना मिलते ही लैलूंगा पुलिस मौके पर पहुंची महिला की पहचान दुरपति सिदार (42 साल) के रूप में हुई है । पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन को सौंप दिया व आरोपित पति बलराम सिदार (45 साल) को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है । बीते रात्रि थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक राजेश जांगड़े को ग्राम पाकरगांव जूनापारा में एक महिला की उसके ही पति द्वारा डंडा से मारपीट कर हत्या किए जाने की सूचना मिली । थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना से अवगत करा कर तत्काल अपने स्टाफ के साथ ग्राम पाकरगांव जूनापारा पहुंचे । जहां सरोज सिदार के घर अंदर उसकी मां दुरपति सिदार (उम्र 42 साल) मृत पड़ी थी । सूरज सिदार बताया कि 17 फरवरी के दोपहर अपने बाड़ी के प्याज फसल में पानी सिंचाई कर रहा था । शाम करीब 05.00 बजे घर तरफ से झगड़ा मारपीट की आवाज आने पर आकर देखा तो इसका पिता बलराम सिदार, इसकी मां दुरपति सिदार को खाना नहीं बनाने की बात को लेकर झगड़ा विवाद का डंडा से मारपीट कर रहा था। सरोज सिदार जाकर बीच बचाओ का प्रयास किया तो इसका पिता बलराम सिदार उसे ही मारने पर उतारू हो गया । तब सरोज सिदार घर से भाग गया, थोड़ी देर बाद घर आकर देखा तो उसकी मां कमरे में लहूलुहान पड़ी हुई थी जिसके सिर, कनपट्टी पर चोट के निशान थे । इसका पिता बलराम सिदार घर से फरार था । महिला की हत्या के फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक राजेश जांगडे अपने स्टाफ के साथ तत्काल आरोपी की पतासाजी में जुट गये और शीघ्र ही आरोपी बलराम सिदार पिता स्व. ननकी राम सिदार (उम्र 45 साल) को हिरासत में लिये जिससे पूछताछ करने पर घटना दिनांक के शाम पत्नी दुरपति सिदार के खाना नहीं बनाने की बात को लेकर दोनों पति-पत्नी में झगड़ा विवाद होना और विवाद में पत्नी को डंडे से सिर, कनपटी में मारकर उसकी हत्या कर देना कबूल किया ।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)